दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



@ जयपुर
फोटो: राजेश कुमावत

## प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर...

## फलोदी और बाड़मेर का पारा 49° के पार

# गर्मी से गई 10 की जान

### उफ्फ! नौतपा का तीसरा दिन...

**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

देश के कई राज्य इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में जहां पारा 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, वहीं प्रदेश के अधिकांश जिलों का तापमान 45 से 49 डिग्री के बीच बना हुआ है। प्रदेश में नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी से सोमवार को एक ही दिन में सेना के जवान, पुलिसकर्मी और जैन साध्वी समेत 10 लोगों की मौत हो गई। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों के बारे में पता चल पाएगा। प्रदेश में गर्मी से अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सरकार एक भी मौत नहीं मान रही है।

आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन दिन तक रेड अलर्ट चलेगा। उसके बाद से हर एक क्षेत्र से तापमान कम होने लगेगा। ऑरेंज अलर्ट में चले जाएंगे। इंटेंसिटी रहेगी, लेकिन डिस्ट्रीब्यूशन कम होता जाएगा, क्योंकि थोड़ा पश्चिमी विक्षोभ भी आ रहा है। इसके कारण धीरे-धीरे तापमान घटने लगेगा। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान में तीन दिन तक तापमान बना रहेगा। वहीं पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्यप्रदेश में यह स्थिति दो दिन तक रहेगी।

उधर, प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। लू के थपेड़ों के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सोमवार को फलोदी और बाड़मेर का अधिकतम तापमान 49 डिग्री के पार दर्ज किया गया। दोनों जगह पर गर्मी से हालात भयावह होते जा रहे हैं। इसी तरह जैसलमेर में भी प्रचंड गर्मी पड़ रही है। फलोदी का अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बाड़मेर का 49.3, जैसलमेर का 48.7 और जोधपुर का अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान बढ़कर 46.4 डिग्री पहुंच गया।

### तापघात के 16 हजार से अधिक मामले

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत नेशनल सेंटर ऑफ डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक एक मार्च से अब तक देश में हीट स्ट्रोक के 16 हजार से अधिक मामले रिपोर्ट किए गए, जबकि 60 से अधिक लोगों की मौत हुई है। उच्च तापमान का सेहत पर गंभीर दुष्प्रभाव हो सकता है। ये मस्तिष्क की समस्याओं से लेकर किडनी-लिवर फेलियर तक के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। उधर, प्रदेश में हीटवेव का कहर को देखते हुए सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। खींवसर ने जिलों में सीएमएचओ ऑफिस को फील्ड में जाकर अस्पतालों के निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन अस्पतालों में एसी और कूलर की व्यवस्था नहीं है, वहां आरएसआरएस फंड से तत्काल खरीद कर व्यवस्था की जाए।

### जैसलमेर: हीट स्ट्रोक से BSF जवान की मौत

जैसलमेर में हीट स्ट्रोक से एक BSF जवान की मौत हो गई। जवान की पहचान अजय कुमार के तौर पर हुई है, जो पश्चिमी बंगाल के जलपाईगुड़ी का रहने वाला था। जवान अजय कुमार अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 173 बटालियन की भानु पोस्ट पर तैनात थे। भीषण गर्मी की वजह से उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए रामगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने अजय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शहीद जवान का पार्थिव शरीर जोधपुर के लिए रवाना किया गया, जहां से हवाई जहाज के जरिए शव को उनके पैतृक गांव भेजा गया।

### ये रहा प्रदेश के जिलों का तापमान



| | | | |
|---|---|---|---|
| फलोदी | 49.4° | कोटा | 48.2° |
| बाड़मेर | 49.3° | बीकानेर | 48.2° |
| जैसलमेर | 48.7° | कोटा | 48.02° |
| पिलानी | 48.5° | चूरू | 48° |
| श्रीगंगानगर | 48.3° | जयपुर | 46.4° |

### बाजारों में पानी का छिड़काव

जयपुर और जोधपुर में गर्मी को देखते हुए सोमवार को नगर निगम ने भीतरी शहर की सड़कों पर टैंकर से पानी का छिड़काव करवाया। इससे व्यापारियों और शहर वासियों ने काफी राहत महसूस की। व्यापार संघ की ओर से नगर निगम को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि बाजार में पानी का छिड़काव कराया जाए, जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिले।

## जरूरी खबर

### IFS अरिजीत बनर्जी बने राजस्थान फॉरेस्ट के मुखिया



**जयपुर।** भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल 1991 बैच के राजस्थान कैडर के आईएफएस अरिजीत बैनर्जी को प्रमोशन के साथ हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स-हॉफ बना दिया गया है। बीते दिनों मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में हुई स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक और उसकी सिफारिशों के आधार पर सोमवार को हॉफ पद पर अरिजीत बनर्जी की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। कार्मिक विभाग ने सोमवार को बनर्जी के प्रमोशन के आदेश जारी किए। इस आदेश के साथ उन्हें भारतीय वन सेवा की प्रधान मुख्य वन संरक्षक-हैड ऑफ फोरेस्ट फोर्स की वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है। यह आदेश मुनीष गर्ग के 31 मई को सेवानिवृत्ति बाद लागू होंगे।

### 'अब आतंकियों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरी नहीं'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि जम्मू-कश्मीर में किसी आतंकी या पत्थरबाजों के परिजनों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। नरेंद्र मोदी सरकार ने न केवल आतंकियों को निशाना बनाया है बल्कि आतंकी ढांचे को भी नेस्तनाबूद कर दिया है। इससे देश में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई है। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनावी बांड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इस लोकसभा चुनाव में काले धन का असर बढ़ेगा।

## सीएम ने फिरोजपुर में BJP प्रत्याशी के समर्थन में की सभा

# भाजपा पंजाब में लिखेगी नया इतिहास: भजनलाल शर्मा

**बेधड़क** | पंजाब/श्रीगंगानगर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पंजाब के फिरोजपुर में भाजपा प्रत्याशी राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। सीएम ने फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र के अबोहर शहर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब बुरी तरह से नशे की चपेट में है, जिसे हम बचाने के लिए हरसंभव कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा पंजाब में नए सिरे से इतिहास लिखने जा रही है।



सीएम ने कहा कि राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ से लगा पंजाब का अबोहर क्षेत्र उनके लिए एक ही है, वो इस क्षेत्र को अलग नहीं मानते हैं, क्योंकि यहां के लोगों की एक-दूसरे से रिश्तेदारियां भी हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस का विरोध करके पंजाब की सत्ता में आई थी और आज ये दोनों ही पार्टियां एक साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं, जो यहां की जनता से एक बड़ा धोखा है। कांग्रेस पर भी निशाने साधते हुए सीएम भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले 70 सालों में खूब घोटाले किए, यदि पंजाब को बचाना है तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देना होगा, तभी राज्य और देश का कल्याण संभव है। इससे पहले मंच पर संबोधित करते हुए अबोहर विधायक संदीप जाखड़ ने कहा कि पंजाब दूसरे राज्यों से बहुत पिछड़ गया है, जबकि आज राजस्थान तेजी से विकास कर रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने राज्य को विकास के मार्ग से हटाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था कि जब पंजाब राजस्थान से आगे हुआ करता था, लेकिन अब पंजाब को फिर से आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि भाजपा को समर्थन दे और पार्टी प्रत्याशी को चुनाव जीताकर संसद पहुंचाएं।

### दिल्ली में भ्रष्टाचारी मिलकर चुनाव लड़ रहे: CM शर्मा

मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात कहकर राजनीति में आए थे, आज वे लोग आकंठ भ्रष्टाचार में डूब गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 70 सालों में सबसे ज्यादा राज करने वाली कांग्रेस ने भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद तथा तुष्टीकरण के अलावा कुछ भी नहीं किया है। अब दिल्ली में ये भ्रष्टाचारी-भ्रष्टाचारी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। ये लोग सोचते हैं कि पंजाब की जनता कुछ समझती नहीं है। उन्होंने कहा कि ये परिवारवाद और जाति के नाम पर राजनीति करने वाले लोग हैं। 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवादी घटनाएं, नक्सलवाद तथा घोटालों का आए दिन सामना करना पड़ता था। जनता का राजनीतिक लोगों से विश्वास उठ गया था, लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिस्थितियां बदली तथा देश विकास के पथ पर अग्रसर होता चला गया। पीएम मोदी ने गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा, देश का विकास करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, वे विश्व में देश का गौरव बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।

## 20 सप्ताह तक की है गर्भपात की अनुमति

# हाई कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता को 28 सप्ताह के गर्भपात की दी अनुमति

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट ने दुष्कर्म के चलते गर्भवती हुई पीड़िता को 28 सप्ताह के गर्भपात की अनुमति दी है। अदालत ने महिला चिकित्सालय, जयपुर की अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि पीड़िता की सहमति के बाद उसके गर्भपात के लिए उचित व्यवस्था करें। अदालत ने कहा है कि यदि इस दौरान भ्रूण जीवित मिलता है तो उसकी उचित देखरेख की जाए। इसके अलावा अन्य स्थिति में साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए कार्रवाई की जाए।



जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश बीस वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को कहा है कि वह आर्थिक सहित अन्य आवश्यक सहायता याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराए। याचिका में अधिवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि याचिकाकर्ता दुष्कर्म पीड़िता है और इस अपराध के चलते गर्भवती हुई है। वर्तमान में वह 28 सप्ताह की गर्भवती है। गर्भपात अधिनियम के तहत बीस सप्ताह तक ही गर्भपात की अनुमति है। ऐसे में यदि उसे अवांछित संतान को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाता है तो इससे याचिकाकर्ता के मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ेगा। याचिकाकर्ता बालिग है और उसे इस स्तर पर गर्भपात कराने पर होने वाले उच्च जोखिम की जानकारी है। इसके बावजूद भी वह इस संबंध में अपनी सहमति देने को तैयार है। ऐसे में उसे गर्भपात की अनुमति दी जाए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश के पालना में मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पेश की गई। इसमें आया कि पीड़िता के गर्भ की अवधि कानून में तय समय सीमा से अधिक है। ऐसे में हाई कोर्ट के निर्देश पर उच्च जोखिम की सहमति मिलने पर पीड़िता का गर्भपात किया जा सकता है।

## नवाचार

# अब गांवों में परिवारों के घरेलू विवादों को भी सुलझाएगी पुलिस


- पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला पुलिस को 'पुलिस आपके गांव' अभियान चलाने के दिए निर्देश
- कम्युनिटी पुलिसिंग को बेहतर, सक्रिय, प्रभावी व उपयोगी बनाने के लिए पुलिस का नवाचार

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस प्रत्येक गांव में जाकर लोगों के घरेलू विवादों का सुलह और सामान्य परिवादों का निस्तारण करेगी। इससे लोगों को थानों व कोर्ट के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी।

कम्युनिटी पुलिसिंग को बेहतर, सक्रिय, प्रभावी व उपयोगी बनाने के लिए पुलिस ने 'पुलिस आपके गांव' अभियान चलाएगी। इसके लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिला पुलिस अधीक्षक , डीसीपी, रेंज आईजी व कमिश्नर को निर्देश दिए गए हैं। अभियान की शुरुआत चूरू पुलिस द्वारा की जा चुकी है। अभियान में पुलिस अन्य विभाग के अधिकारियों को भी शामिल करेगी। इससे गांव के लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करवाया जा सके। इस अभियान में जिला पुलिस के अन्य अधिकारी भी चौपाल में शामिल होंगे।

पुलिस मुख्यालय द्वारा लोकसभा चुनाव की समाप्ति के बाद कम्युनिटी पुलिसिग को सक्रिय, प्रभावी व उपयोगी बनाने निर्देश दिए हैं। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत जनता व पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय बनाते हुए अटल सेवा केंद्र में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।



**चौपाल में किया जाएगा सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित:** अटल सेवा केंद्र में ग्राम चौपाल में गांव के बुजुर्ग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पुलिस मित्र, ग्रामरक्षक, महिलाएं, बच्चे आदि शामिल होंगे। साइबर क्राइम, यातायात नियमों, महिलाओं व बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी दी जाएगी। ग्रामीणों को गांव में अवैध गतिविधि, संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना थाना पर देने, गांव मे सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**जमीनी और पति-पत्नी के बीच विवादों का होगा निस्तारण:** एसपी पंकज चौधरी ने बताया कि गांव के व्यक्तियों को अपराध की सूचना बीट कांस्टेबल और थानाधिकारी को देने प्रेरित किया जाएगा। साथ ही मौके पर छोटे मोटे तथा घरेलू विवादों को समझाइश कर सुलझाया जाएगा। गांव में ही चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट जांच के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। अभियान के तहत पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी और घरेलू जमीनी विवाद, पति-पत्नी के विवादों का भी मौके पर ही निस्तारण के लिए प्रयास होंगे।

## जरूरी खबर

### ट्रांसजेंडर नूर शेखावत को OBC प्रमाण पत्र जारी



**जयपुर।** प्रदेश के ट्रांसजेंडर समुदाय को राजस्थान राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किया गया है। जिसके बाद सोमवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर में ट्रांसजेंडर नूर शेखावत को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र जारी किया गया है। उपखण्ड अधिकारी, जयपुर (प्रथम) राजेश जाखड़ ने नूर शेखावत को प्रमाण पत्र सौंपा। जाखड़ ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) को अन्य पिछड़ा वर्ग केटेगरी के 92 नंबर पर शामिल किया गया है। जिसके बाद अब ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र नियमानुसार बनवा सकते हैं।

### ललित कला अकादमी लगाएगी प्रशिक्षण शिविर

**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर की प्रशासक डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि अकादमी समय-समय पर राज्य के विभिन्न अंचलों में लुप्त होती कलाओं को पुनः स्थापित करने तथा जन जन तक कला की विभिन्न विधाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करेगी । इसी क्रम में अजमेर में जल रंग, बीकानेर में उस्ता कला/मथेरन कला राजकीय संग्रहालयों के सहयोग से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे।डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि इस क्रम में अकादमी संकुल जयपुर में कैलीग्राफी कार्यशालाएं लगाई जाएगी।

### हज के सफर पर जाने वाले हाजियों का भव्य स्वागत



**चाकसू।** मुस्लिम वक्फ कमेटी के चेयरमैन अब्दुल हमीद खोखर, मुस्लिम नोजवान वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आमीन खान, प्रवक्ता इरशाद खोखर, हाजी रहीश मास्टर, वली मोहम्मद मास्टर, डॉक्टर दाऊद अली, हाजी आशिफ, रहीश अब्बासी ने रसूल पूरे से हज पर गए हाजी फतेह मोहम्मद हाजी एजाज मास्टर को गुलफोशी कर मुबारक बाद दी। वहीं हज पर जाने वाले हाजियों से वतन मे मोहब्बत इखलास भाईचारे व हुजूर के रोजे मुबारक पर सलाम की दरख्वास्त की। गौरतलब है कि इस बार सांगानेर जयपुर से सीधे मदीने शरीफ के लिये फ्लाइट जा रही है। इस 47 डिग्री तापमान में हाजियों में विशेष जुनून देखा गया।

---

### भाजपा नेताओं का गहलोत के बयान पर पलटवार

# अंत में आलाकमान और गहलोत ही कांग्रेस में बचेंगे: मिर्धा

**बेधड़क** | जयपुर



भाजपा नेता रिछपाल मिर्धा ने गहलोत के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस राज में कांग्रेसी नेताओं तक के काम नहीं होते थे। कांग्रेसी नेताओं ने अपना मान सम्मान बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी छोड़ी और भाजपा का दामन थामा, इसके जिम्मेदार गहलोत ही हैं।

कांग्रेस राज में जिसने सत्ता का सुख भोगा है, वह आपके पॉलिटिकल पापा हैं। उनका ही काम आप ने किया और नागौर में इनकों ही आगे बढ़ाया। हमने और कांग्रेस के कई नेताओं ने खून पसीने से कांग्रेस को सींचा था। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने में हमारा कोई स्वार्थ नहीं है। आपको 4 जून से पहले ही जितनी बयानबाजी करनी है कर लो, उसके बाद कोई मौका नहीं मिलेगा। आपकी परफॉरमेंस का पता जालौर में चलने वाला है। निकम्मा, नकारा और गद्दार शब्द तो आप पहले भी कांग्रेस के लोकप्रिय नेताओं के लिए भी बोल चुके है। आप ने जमीर बेच कर 5 साल एक टांग पर सरकार चलाई, उसका लोगों ने आपको जवाब दिया और सत्ता से बाहर कर दिया।

जिस कौम की आबादी राजस्थान में 23-24 प्रतिशत है, उसको खत्म करने का काम आप ने ही किया। राजस्थान में कांग्रेस की दुर्गति के जिम्मेदार आप ही है। आप के इन जुमलों से अंत में कांग्रेस पार्टी में आप और आलाकमान ही बचेंगे। जनता जानती है, कि आलाकमान को नीचे झुकाने का काम भी आप ने ही किया।

#### दूसरे राज्यों में बाप पार्टी से क्यों समझौता नहीं किया

बांसवाडा-डूंगरपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र जीत मालवीय ने अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी के निर्देशों के विरोध में 25 सितंबर 2022 को चेताने वाले और उनके दूत को बैरंग लौटाने वाले गहलोत जी आप ही थे। सभी कांग्रेसी कांग्रेस पार्टी की नीतियों से दुखी होकर छोड़कर गए। कांग्रेस पार्टी ने एमपी, गुजरात और राजस्थान के अन्य जिलों में बाप पार्टी से समझौता नहीं किया, सिर्फ बांसवाड़ा में किया।

#### अशोक गहलोत बोखलाए हुए हैं

पूर्व सांसद गोपालसिंह ईडवा ने गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत बोखलाए हुए हैं। प्रदेश की जनता इनको और इनके घोटालों को जान गई है। अब ये पूरी तरह एक्सपोज़ हो गये है। जब से भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री का पद सम्भाला है तब से प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है इससे अशोक गहलोत बोखला गये है। इनके राज में जितने घोटाले हुए वो प्रदेश की जनता जानती है।

#### भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े पिछली सरकार ने

भाजपा नेता पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि विगत 5 वर्षों में आपके नेतृत्व में चली सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड दिए जिसके बारे में आपकी पार्टी के अनेक विधायकों ने टीवी पर आरोप लगाए। सोनिया गांधी को खुश करने के लिये आपने 25 लाख रीट परीक्षार्थियों का जीवन बर्बाद कर दिया। आरपीएससी को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर राजस्थान की शासन व्यवस्था में अक्षम और भ्रष्ट लोगों की भर्ती का रास्ता खोलकर महापाप किया। राजस्थान और कांग्रेस के एकमात्र नॉन परफॉर्मिंग एसेट स्वयं अशोक गहलोत हैं जो अपनी पार्टी को 25 साल से कमजोर करते आ रहे हैं।

---

### भारत निर्वाचन आयोग ने की मतगणना तैयारियों की समीक्षा

# प्रदेश में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी: प्रवीण गुप्ता

**बेधड़क** | जयपुर

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधान क्षेत्र में हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की समुचित आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया।

बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि मतदान की तरह मतगणना के दौरान भी भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों की पालना करनी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राजस्थान में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पर्याप्त संख्या में मतगणना कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर उनको प्रशिक्षित किया जा चुका है। मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में शनिवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की गई है। राजनैतिक दलों से अपने-अपने काउंटिंग एजेंट्स की सूचियां 31 मई तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में आवश्यक रूप से देने को कहा गया है।



#### 3,550 माइक्रो ऑब्जर्वर, 1,200 ARO नियुक्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि ईवीएम की मतगणना टेबल पर काउंटिंग सुपरवाईजर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग स्टाफ तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे। इसी प्रकार, पोस्टल बैलेट की गणना टेबल पर एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एक काउंटिंग सुपरवाईजर, दो काउंटिंग असिस्टेंट तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे। मतगणना टेबल पर अभ्यर्थी के काउंटिंग एजेंट भी रहेंगे। मतगणना टेबल्स के लिए करीब 3,550 माइक्रो ऑब्जर्वर और 1,200 से अधिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) नियुक्त किए गए हैं। सभी रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को 17 मई को राज्य स्तरीय पर और 24 मई को जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुल 56 मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

#### मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा

गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मतगणना स्थलों पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। सुरक्षा घेरे का पहला स्तर मतगणना परिसर और परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि से शुरू होगी, द्वितीय स्तर और मध्य घेरा मतगणना परिसर के गेट पर होगा। इसका संचालन सशस्त्र पुलिस द्वारा किया जाएगा। तीसरा स्तर और सबसे भीतरी घेरा मतगणना हॉल के दरवाजे पर होगा। इसका संचालन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार, रिटर्निंग अधिकारी किसी भी राजनीतिक व्यक्ति, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त नहीं करेंगे और न ही किसी तरह का पक्षपात करेंगे। मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए वैध प्राधिकार-पत्र होने के बावजूद यदि आरओ को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में उचित संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकेगा।

#### इस प्रक्रिया की 360 डिग्री वीडियोग्राफी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मतगणना के दिन को पूरे राज्य में सूखा दिवस घोषित किया गया है। मतगणना से पहले सभी सीयू, वीवीपैट मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर काउंटिंग हॉल तक लाने और मतगणना पश्चात वापस स्ट्रॉन्ग रूम तक ले जाने की कार्यवाही की निर्बाध सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित की जाए। इस अवधि की सीसीटीवी कवरेज उम्मीदवार अथवा उनके एजेंट मतगणना हॉल में टीवी/ मॉनिटर पर देख सकेंगे।

---

### जयपुर ग्रामीण में 6 लाख से अधिक लोग

# नहीं करवाई E-KYC तो 30 जून के बाद नहीं मिलेगा राशन

**बेधड़क** | जयपुर



सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र लाभार्थियों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। निर्णय की अनुपालना में जिला जयपुर ग्रामीण के लगभग 6 लाख से अधिक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) में चयनित पात्र परिवारों को राशन का गेहूं लेने के लिए 30 जून तक ई-केवाईसी करानी होगी। 30 जून तक ई-केवाईसी नहीं होने पर गेहूं नहीं मिलेगा और ऐसे लाभांवित योजना से बाहर भी हो सकते हैं। जयपुर ग्रामीण जिला रसद अधिकारी अनुराधा गोगिया ने बताया कि जिला जयपुर ग्रामीण में कुल 6 लाख 13 हजार 994 लाभांवित योजना से जुड़े हैं। इनके 24 लाख 98 हजार 674 सदस्यों की ई-केवाईसी होनी है। इसके अभाव में 30 जून के बाद गेंहू लेने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिले की 1 हजार 168 राशन दुकानों के डीलर को इन सभी लाभार्थियों की ई-केवाईसी करनी है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए विभाग ने गेहूं वितरण के दौरान पोस मशीन में आवश्यक बदलाव किए हैं। इससे संबंधित डीलर अपने यहां गेहूं लेने पहुंचने वाले सदस्य के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों की ई-केवाईसी पोस मशीन के माध्यम से भी कर सकें। अनुराधा गोगिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान पर पोस मशीन में आवश्यक प्रावधान किए जा चुके हैं। डीलर को इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए संपूर्ण जानकारी सोशल मीडिया के माध्यमों और विभाग की साइट से दी गई है। उन्होंने उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देश दिया कि वे खाद्य सुरक्षा पात्र लाभार्थियों को गेहूं वितरण के साथ ही पोस मशीन से पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी करें, ताकि 30 जून तक यह प्रक्रिया शत-प्रतिशत हो सके।

---

### पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुस्लिम आरक्षण बोले

# OBC आयोग की सिफारिश पर दिया था मुस्लिम आरक्षण

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में मुस्लिम जातियों को दिए गए आरक्षण पर सियासत तेज हो गई है। मौजूदा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आमने सामने हो गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कह चुके हैं कि धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

उधर भजनलाल के मंत्री अविनाश गहलोत कह चुके हैं कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बाद कांग्रेस की ओर से मुस्लिम जातियों को दिए गए आरक्षण की समीक्षा होगी। अगर गलत तरीके से आरक्षण दिया गया है तो उस गलती को सुधारा जाएगा। अब पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि मुस्लिम जातियों को जब भी आरक्षण दिया गया। हर बार ओबीसी आयोग की सिफारिश पर ही दिया गया। अब इसमें कुछ नहीं हो सकता। पूर्व सीएम अशोक गहलोत सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि सभी मुसलमानों को आरक्षण नहीं दिया गया है, जो केवल पिछड़े हुए हैं, सिर्फ उन्हीं को आरक्षण का लाभ दिया गया है।

पूर्व सीएम ने कहा कि अब सरकार चाहे कुछ भी कहे, अब कुछ नहीं होगा। जो आरक्षण दिया गया है, वह ओबीसी आयोग की सिफारिश पर दिया गया है। मुस्लिम समाज की जो जातियां ओबीसी में आ सकती है, उन्हें ही ओबीसी में शामिल किया गया है।

---

### सच बेधड़क अख़बार की खबर का बड़ा असर

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी रहेगी छुट्टी

खबर का असर

**चाकसू।** चाकसू में सच बेधड़क ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार निभाया है। सच बेधडक अखबार में दो दिन पहले प्रकाशित खबर शीर्षक 'गर्मी के बावजूद आंगनबाड़ी में छुट्टियां घोषित नहीं... मासूम झेल रहें अनदेखी का सितम... खबर पर महिला बाल विकास विभाग हरकत में आया और 27 मई से 5 जून तक इन केंद्रों पर छुट्टी कर दी है।

वहीं चाकसू आंगनबाड़ी यूनियन की अध्यक्ष रचना शर्मा ने सच बेधड़क अख़बार व स्थानीय संवाददाता मुकेश सिर्रा का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है कि सच बेधड़क अख़बार मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद सरकार चेती ओर आंगनबाड़ी केंद्रों पर छुट्टियों करनी पड़ी। गौरतलब है 2 दिन पहले स्थानीय संवाददाता ने यह खबर छापी थी की इन दिनों सूर्य देवता की सीधी किरणों से जहां तापमान इन दिनों 45 डिग्री पहुंच गया है।

वहीं सरकार ने इस भीषण गर्मी के बचाव से सरकारी स्कूलों की छुट्टियों कर दी है। मगर आंगनबाड़ी केंद्रों पर मासूम बालको की छुट्टियों को करना भूल गयी है।


भीषण गर्मी के बावजूद आंगनबाड़ी में छुट्टियां घोषित नहीं

मासूम झेल रहे अनदेखी का सितम

बेधड़क | चाकसू

इन दिनों सूर्य देवता की सीधी किरणों से जंहा तापमान इन दिनों 45 डिग्री पहुंच गया है। वही सरकार ने इस भीषण गर्मी के बचाव से सरकारी स्कूलों की छुट्टियों कर दी है। वहीं सफ़ाई कर्मचारियों की ड्यूटी दोपहर की जगह सुबह कर दी है।

वहीं बोझ ढोने वाले जानवरों के कार्य पर दोपहर में रोक लगा दी है, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर मासूम बालकों की छुट्टियों को करना भूल गई है। इस सम्बंध चाकसू आंगनबाड़ी यूनियन अध्यक्ष रचना शर्मा ने बताया कि उनकी यूनियन प्रदेश व जिला स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर छुट्टी के लिए शासन से लेकर प्रशासन को ज्ञापन पूर्व दिए जा चुके है, लेकिन अभी तक छुट्टी के कोई आदेश नही हुए है।

हालांकि आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत कर्मियों की ओर से गर्मी से बचाव के अपने स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि चाकसू में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों के अपने निजी भवन नही होकर ज्यादातर किराए पर चल रहे है। जिनमे कई केंद्रों पर बिजली, पानी व छाया की पर्याप्त व्यवस्था नही है।

जिन पर अन्य मौसम में तो कैसे ना कैसे काम चल जाता है। लेकिन गर्मियों में छोटे छोटे मासूम बच्चो की इस भीषण गर्मी में बड़ी दयनीय हालत हो रही है।

---

### राष्ट्रीय सहकार मेले का आज अंतिम दिन

# नौतपा दिखा बेअसर, मेले में खरीदे एक करोड़ से ज्यादा के मसाले

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2024 का आयोजन सहकारिता विभाग एवं उपभोक्ता संघ का एक अनूठा प्रयास है। जिसके माध्यम से हम शुद्ध मसालों एवं खाद्य पदार्थों को आमजन की रसोई तक पहुंचा कर वर्तमान एवं आगे की पीढ़ी के स्वास्थ्य को समृद्ध बना रहे हैं। यह कहना है उपभोक्ता संघ की प्रबंध निदेशक शिल्पी पाण्डे का। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से हम एक ही छत के नीचे प्रदेश के सभी क्षेत्रों के साथ-साथ केरल, तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात तथा बिहार जैसे राज्यों के विशिष्ट मसालों एवं उत्पादों को पूर्ण शुद्धता के साथ उचित मूल्य पर उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले के आयोजन का मूल उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय सेवाओं के माध्यम से सहकारिता की भावना को साकार करना है।

उन्होंने कहा कि जयपुरवासियों को गुणवत्ता वाले मसाले उपलब्ध हो सके, इसके लिए सहकारिता विभाग देश एवं प्रदेश की सहकारी समितियों को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाता है।

इस मेले के माध्यम से हजारों जयपुरवासी अपनी जरूरत के अनुसार वर्षभर के मसाले खरीदते है। दरअसल जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केद्र में यह मेला चल रहा है। मेले में तेज गर्मी के साथ सात दिन से ग्राहकों में मेले के प्रति उत्साह है। मंगलवार को मेले का समापन है।




#### 180 प्रकार के मसाले व सामग्री उपलब्ध

उपभोक्ता संघ के महाप्रबंधक (व्यवसाय) अनिल कुमार ने बताया कि प्रदेश में अभी नौतपा का असर चल रहा है लेकिन राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले के उत्पादों की महक उनके कदम मेले में आने से रोक नहीं पा रहा है। जयपुरवासी जमकर मसालों की खरीद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले के माध्यम से अबतक रिकार्ड 1 करोड़ 90 लाख रुपये से अधिक मसालों एवं उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मेले में 10 प्रकार के साबूत गरम मसाले, 13 परम्परागत मसाले, 27 प्रकार के इंस्टेंट मसाले, 5 प्रकार के परम्परागत साबूत मसाले, 16 प्रकार के अचार, 26 प्रकार के शर्बत, 5 प्रकार की ठण्डाई, 5 प्रकार के मुरब्बे, 7 प्रकार की सूची सब्जियां, ड्राईफ्रूट, डेयरी उत्पाद, खाद्यान्न एवं अनाज, तेल एवं अन्य उत्पाद सहित कुल 180 से ज्यादा प्रकार के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए है। उन्होंने बताया कि कॉनफैड द्वारा बूंदी, हरियाणा एवं पंजाब के बासमती चावल उपलब्ध कराये गये है।

#### मसाले खरीदारी के साथ ईनाम जीतने का मिला मौका

अंतिम दिन 28 मई को पांच बंपर ड्रॉ निकाले जायेंगे। प्रथम बंपर ड्रॉ में आई.एफ.बी. की फ्रंट लोडेड फूल्ली ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन, द्वितीय बंपर ड्रॉ में सैमसंग का स्मार्ट टीवी, तृतीय ड्रॉ में टेबलेट पीसी, चतुर्थ ड्रॉ में स्पोर्ट्स साइकिल एवं पंचम ड्रॉ में म्यूजिक सिस्टम दिया जाएगा।

#### आबूरोड़ की सौंफ, उदयपुर के मसालों के अर्क आदि आकर्षण के केंद्र

उपभोक्ता संघ के महाप्रबंधक (प्रशासन) ने बताया कि प्रदेश के जिला सहकारी उपभोक्ता भंडारों जैसे जयपुर, कोटा, उदयपुर, राजसमंद, जोधपुर, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर बूंदी, के द्वारा क्षेत्र विशेष में उत्पादित हो रहे खाद्यान्न एवं मसाले उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए गए है। उन्होंने बताया कि आबूरोड़ की सौंफ, उदयपुर के मसालों के अर्क, बीकानेर के पापड़, कोटा भंडार का लहसुन, सीकर के प्याज, जोधपुर की सूखी सब्जियां सहित अन्य सहकारी समितियों द्वारा लाई गई मसाला सामग्री एवं उत्पाद आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं।

## जरूरी खबर

### जयपुर में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दरबार स्थगित



**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी को देखते हुए बागेश्वर धाम सरकार ने जयपुर में होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। 29 मई से 1 जून तक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जयपुर के निवारू रोड स्थित लालचंदपुरा में हनुमंत कथा और दिव्य दरबार का कार्यक्रम था। इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी थी। पांडाल भी सज चुका था, लेकिन हलक सुखा देने वाली गर्मी के चलते बागेश्वरधाम सरकार के कार्यक्रम को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। इन दिनों जयपुर सहित पूरा प्रदेश प्रचंड लू और भीषण गर्मी की चपेट में है। इसी कारण 29 मई से 1 जून को होने वाले बागेश्वर सरकार के हनुमान कथा आयोजन को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है।

### राजस्थान फुटबॉल संघ की बैठक आज




**जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल संघ की कार्यकारणी की बैठक मंगलवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी कार्यकारी सदस्य सादर आमंत्रित किया गया है। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि बैठक में सब जूनियर व जूनियर बालक - बालिका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024 के आयोजन के संबंध में चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही राजस्थान फुटबाल संघ के चुनाव सहित कई मुद्दों पर विचार-विर्मश किया जाएगा।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने ली हीटवेव प्रबंधन पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, अधिकारियों से बोले...**

# फील्ड में जाकर करें मॉनिटरिंग, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि प्रदेश में आमजन को हीटवेव से राहत देने के लिए चिकित्सा संस्थानों में बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। विभाग का प्रयास है कि लू और तापघात से किसी व्यक्ति को तकलीफ नहीं हो और पीड़ित रोगियों को तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध हो। उन्होंने राज्य स्तर से लेकर खण्ड स्तर तक अधिकारियों को फील्ड में जाकर हीटवेव प्रबंधन की सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा मंत्री सोमवार को प्रदेश में हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों के प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस समीक्षा बैठक में सभी सयुक्त निदेशकों ने अपने अपने अधीन जिलों में हीटवेव प्रबंधन को लेकर की गई तैयारियों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### बेहतर प्रबंधन के कारण जनहानि नगण्य

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सभी सबंधित अधिकारियों को मुख्यालय पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर के साथ जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम आवश्यक रूप से अलर्ट मोड पर संचालित किए जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हीट्वेव प्रबंधन को लेकर मार्च माह से तैयारियां शुरू कर दी गई थी इसी का परिणाम रहा कि प्रदेश में जनहानि नगण्य है।

### तत्काल उपलब्ध कराएं आवश्यक सुविधाएं

चिकित्सा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सा संस्थानों में रोगियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। उन्होंने जहां भी कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर आदि सुविधाओं की और आवश्यकता है, वहां तत्काल प्रभाव से आरएमआरएस फंड के माध्यम से यह सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन आपदा की इस घड़ी में वैकल्पिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखें। दवा और जांच सेवाओं में कोई गेप नहीं रहे। साथ ही आमजन को हीटवेव से बचाव एवं अन्य आवश्यक जानकारियां प्रदान करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटने का समय

चिकित्सा मंत्री ने मुख्यालय से अधिकारियों को फील्ड में जाकर चिकित्सा संस्थानों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारियों को भी अपनी परिधि में आने वाले चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण कर माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि हीटवेव प्रबंधन को लेकर जो कमियां सामने आएं उन्हें तत्काल प्रभाव से दूर करें। उन्होंने कहा कि यह समय पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटकर आमजन को राहत प्रदान करने का समय है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**हनी ट्रैप: बंधक बनाकर फिरौती मांगने वाली महिला समेत 6 गिरफ्तार**

# दस लाख रुपए दो वर्ना रेप में तो फंसाएंगे ही, जान से भी जाओगे

**बेधड़क** | जयपुर

हरमाड़ा थाना पुलिस ने सोमवार को हनी ट्रैप के मामले में महिला समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रेप के मामले में फंसाने और जान से मारने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। आरोपियों के कब्जे से वारदात के उपयोग में ली गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया है।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार बुढ़ानिया ने बताया कि 27 मई को पीड़ित लक्ष्मण सैनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके बड़े भाई के साले ओमप्रकाश सैनी को बंधक बनाकर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी जा रही है। आरोपियों ने महिला के साथ गलत काम करने का आरोप लगाते हुए रेप के झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी दी है। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल डीसीपी वेस्ट नीरज पाठक और एसीपी चौमूं अशोक चौहान के निर्देशन में हरमाड़ा थाना अधिकारी दिलीप खदाव के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया। पुलिस की स्पेशल टीम ने परिवादी के पास आए फोन नंबरों को डिटेन कर लोकेशन प्राप्त करने का प्रयास किया। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की स्पेशल टीम को रवाना किया गया। जयरामपुरा गांव में एक सफेद कलर की कार दिखाई दी, जो पुलिस को देखकर तेज रफ्तार में भागने लगे। पुलिस ने पीछा करके कार को रुकवा कर पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों के साथ बंधक को भी बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बनाए

हरमाड़ा थाना अधिकारी दिलीप खदाव के मुताबिक रोड नंबर 14 के पास कोल्ड ड्रिंक की दुकान करने वाले ओमप्रकाश सैनी को टारगेट करने के लिए मुख्य सरगना नंछु बावरिया ने महिला से फोन करवाकर ओमप्रकाश को चौमूं बुलाया था। महिला ने ओमप्रकाश को इधर-उधर घुमाया, फिर नंछु बावरिया ने अपनी गैंग के सदस्यों को तीन मोटरसाइकिल पर चौमूं बुला लिया। ओमप्रकाश की गाड़ी के आगे मोटरसाइकिल लगाकर उसकी गाड़ी में बैठ गए। पीड़ित ओमप्रकाश की गाड़ी को लेकर जयरामपुरा लेकर चले गए, जहां पर शर्मिला उर्फ बबली बावरिया के साथ ओमप्रकाश पर दबाव बनाकर आपत्तिजनक स्थिति में फोटो और वीडियो बना लिए। इसके बाद ओमप्रकाश को अपने जानकारी को फोन करके रुपए मांगने का दबाव बनाया। रुपए नहीं मांगने पर बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी।

### पुलिस कर रही है आरोपियों से पूछताछ

आरोपियों ने पीड़ित से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। पीड़ित ओमप्रकाश सैनी ने नंछु बावरिया के कहने पर अपने रिश्तेदार लक्ष्मण सैनी को फोन करके 10 लाख रुपये लेकर राजावास बुलाया। इसके बाद आरोपी ओमप्रकाश को लेकर अलग-अलग स्थान पर घुमते रहे। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने केवल 2 घंटे में ही 5 आरोपियों को दबोच लिया और आरोपियों के चंगुल से पीड़ित को मुक्त करवाया। इसके बाद आरोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

**ACS ने किया औचक निरीक्षण**

# जयपुरिया अस्पताल में सफाई में खामी पर अधीक्षक को नोटिस



**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सोमवार को राजकीय जयपुरिया अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया और हीटवेव प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था समुचित नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और सख्त एक्शन लेते हुए अस्पताल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, दो नर्सिंग अधिकारियों को सीसीए नियम-17 के तहत नोटिस देने के निर्देश दिए। सिंह सुबह करीब 9:15 बजे अचानक जयपुरिया अस्पताल पहुंची और वहां अस्पताल के सभी कक्षों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान एसीएस ने ब्लड बैंक में रक्त उपलब्धता एवं कम्प्यूटर में इन्वेंट्री चैक की। अधिकारियों से ब्लड बैंक संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और पारदर्शितापूर्वक रक्त की उपलब्धता एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल कार्मिकों की उपस्थिति भी जांची

**एक ही तेल की अलग-अलग ब्रांड में की जा रही थी पैकिंग**

# 16000 लीटर मिलावटी खाद्य तेल सीज

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान में 27 मई को सरना डूंगर में 15900 लीटर मिलावटी खाद्य तेल सीज किया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल इकबाल खान के नेतृत्व एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशानुसार फर्म एसएमवी सोल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लगभग 3500 लीटर सरसों और 12400 लीटर मूंगफली तेल अमानक खाद्य श्रेणी का होने से संदेह के आधार पर सीज किया है।



इसके मालिक वैभव, नवीन, शुभम खंडेलवाल बताए जा रहे हैं। इनके द्वारा आयल की रेपैकिंग की एनओसी भी मौके पर नही पाई गई। एक ही परिसर में एक ही तेल का अलग अलग ब्रांड के नाम से तेलों की पैकिंग पाई गई। श्याम धेनु, कृष्णम, कार्तिक, एसएमवी गोल्ड आदि अनेक नामों से तेल पैक होता हुआ मिला। मौके पर अति खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में एफएसओ नरेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता, रतन गोदारा, नरेश कार्यवाही में मौजूद रहे।

**सवाई मानसिंह अस्पताल में चिकित्सकों ने की जटिल सर्जरी**

# पेट से निकाली 27 कीलें, सुई और सिक्के

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों ने लैप्रोस्कोपिक गैस्ट्रोस्टॉमी सर्जरी के माध्यम से एक जटिल ऑपरेशन कर मरीज के पेट से भारी मात्रा में कीलें, सुई और सिक्के निकाले हैं।

इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ प्रोफेसर और यूनिट हेड डॉ. राजेंद्र मांडिया ने किया। उनकी टीम में डॉ. सुभाष ,डॉ. ईशांत कुमार साहू और डॉ. कार्तिक सैनी शामिल थे। सवाईमान सिंह अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. मनीष



अग्रवाल ने बताया कि 21 वर्षीय रौनक (बदला हुआ नाम), मानसिक रोग से पीड़ित है। वह लगातार कील, सुइयां और सिक्के निगल रहा था। मरीज को 6 मई को अलवर से रेफर किया गया। उसे पेट दर्द की शिकायत थी और उनके साथियों ने बताया कि उन्होंने कई नुकीली वस्तुएं निगल ली हैं। ऑपरेशन करने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र मांडिया ने बताया कि जब मरीज हमारे पास पहुंचा, तो हमने एक्स-रे और सीटी स्केन जांचों में पाया कि ज्यादातर वस्तुएं पेट में जमा हैं, जबकि कुछ बड़ी आंतों तक पहुंच गई थी. ऐसे में तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया गया और एसएमएस में इमरजेंसी ओटी में ऑपरेशन चीरे से न करके दूरबीन से करने का निर्णय लिया गया।

चिकित्सकों का कहना है कि मरीज की मानसिक बीमारी का डायग्नोसिस अब तक नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से उन्होंने ऐसी वस्तुएं निगलीं, लेप्रोस्कोपी (दूरबीन) से पेट को खोलकर अंदर की सारी कीलों को निकाला गया और फिर दूरबीन से ही पेट को टांकों की मदद से बंद किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब बिलकुल ठीक है और पेट दर्द की शिकायत भी ठीक हो गई है।

**नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा बैठक**

# हमारा लक्ष्य त्वरित न्याय और अदालत प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना: पंत

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में राज्य में नवीन आपराधिक कानूनों को लागू किये जाने के संबंध में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि नए कानूनों की मंशा के अनुरूप सभी कानूनी पेशेवरों, अनुसंधान अधिकारियों और अभियोजकों को सुचारु बदलाव के लिए शिक्षित करें, जिससे उन्हें विभिन्न नए प्रावधानों के बुनियादी ज्ञान और समझ मिल सके। उन्होंने बैठक में नये आपराधिक कानूनों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा अपने अधिकारियों व कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करना तथा न्यायिक एवं अदालत प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है।



### संसाधनों की आवश्यकता पर चर्चा

सीएस पंत ने बैठक के दौरान पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस और जेल कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा 'एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण' कर्मयोगी पोर्टल उपयोग कर आयोजित करें। उन्होंने नये कानूनों के संदर्भ में आमजन को शिक्षित एवं जागरूक करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की कार्ययोजना तैयार करने के आदेश दिए। बैठक में नये कानूनों के प्रतिस्थापन के सन्दर्भ में संसाधनों की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

### पुलिसकर्मियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में अपराधिक कानूनों में बदलाव किए हैं। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने नए आपराधिक कानूनों पर विभिन्न स्तरों के पुलिस और जेल कर्मियों के लिए प्रशिक्षण माड्यूल विकसित किए हैं। एक जुलाई से पूरे भारत में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नगारिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग आनंद कुमार, महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू, महानिदेशक कारागार राजेश निर्वाण, शासन सचिव गृह विभाग रश्मि गुप्ता, शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग राजेश गुप्ता, शासन सचिव गृह एवं निदेशक अभियोजन रवि शर्मा, निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला अजय शर्मा, महानिरीक्षक पुलिस (अपराध) प्रफुल्ल कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**सीकर।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान समिति के हितधारकों के साथ सड़क दुर्घटना कम करने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर चौधरी ने निर्देशित किया कि जिले की मुख्य सड़क मार्ग पर ब्लैक स्पॉट्स की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटावे, स्कूलों में नो-बैग-डे के दिन सड़क सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को इस संबंध में जागरूक बनाएं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे हुई अतिक्रमण की विस्तार से समीक्षा करते हुए बाजोर में दो पैट्रोल पंप द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग की संपति को नुकसान पहुंचाने के संबंध में एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के लिए एनएचएआई के टेक्निकल मैनेजर को निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह, समिति के सदस्य सचिव एवं एसई पीडब्ल्यूडी प्रहलाद सिंह, आदि अधिकारी मौजूद थे।

### पौधारोपण के संबंध में बैठक आज

**सीकर।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र सिंह पुरोहित ने बताया कि जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को सायं 5 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में पौधारोपण के संबंध में बैठक आयोजित की जाएगी।

### आंगनवाड़ी सहायिका के मौत के दो आरोपी पकड़े



**करौली।** जिले में हिंडौन सिटी के नई मंडी थाना इलाके में छेड़छाड़ व मारपीट से आहत होकर आंगनबाड़ी सहायिका के आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने जयपुर के मानसरोवर इलाके में निधि विहार से फरार चल रहे के दो इनामी विक्रम सिंह जाटव पुत्र भरोसी जाटव निवासी हरि नगर थाना नई मंडी एवं सोनू उर्फ सोहन जाटव पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी होरियापाड़ा थाना मण्डरायल को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**ऑपरेशन सीमा संकल्प: अवैध मादक पदार्थों के तस्कर के सरकारी भूमि पर पुलिस की कार्रवाई**

# नशा तस्कर बिल्ला के ठिकाने पर चलाया बुलडोजर

■ नशेड़ियों को हेरोइन (चिट्ठा) बेचता था आरोपी

बेधड़क | श्रीगंगानगर

प्रदेश में नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गत 15 मई से संचालित विशेष अभियान में करोड़ों रुपए के मादक पदार्थों की जब्ती की जा रही है। अपराधियों की धरपकड़ के साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से मोटी कमाई करने वाली तस्करों की सम्पति को फ्रीज करने और उनके सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को ध्वस्त करने जैसी कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। श्रीगंगानगर जिले में लगातार दूसरे दिन जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जवाहर नगर थाना पुलिस के जरिए तस्कर आकाश उर्फ बिल्ला पुत्र निवासी छजगरिया मोहल्ला के सरकारी व्यावसायिक भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए कमरें और अहाते को सोमवार को ध्वस्त करते हुए, कब्जे से मुक्त कराया गया। इसकी कीमत 1 करोड़ रुपए है, इसी कमरे से मादक पदार्थों के तस्कर द्वारा नशेड़ियों को हेरोइन (चिट्ठा) बेचने एवं सेवन करने के लिए उपलब्ध कराने की अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था।



### एक करोड़ की सरकारी भूमि पर कर रखा था कब्जा

एसपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देश पर श्रीगंगानगर जिले को नशा मुक्त बनाने एवं युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिये जिला प्रशासन व जिला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' चलाया जा रहा है। इसके तहत एएसपी बी. आदित्य के नेतृत्व में जवाहर नगर थाना पुलिस द्वारा सरकारी व्यवसायिक भूमि से अवैध मादक पदार्थों के तस्कर आकाश उर्फ बिल्ला के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत एसएचओ जवाहर नगर को सूचना मिली कि तस्कर आकाश उर्फ बिल्ला ने अपने घर के पड़ोस में सड़क व सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध कमरा बना रखा है। इस सूचना की तस्दीक पर मीरा चौक से मौसम विभाग मुख्य रोड पर छजगरिया मोहल्ला व गुरु हरिकिशन नगर कॉलोनी की दीवार के कॉर्नर पर करीब 1 करोड़ रुपए कीमत की सरकारी भूमि पर कब्जा पाया गया।

### बिल्ला पर 9 मुकदमे, फैलाया नशे का साम्राज्य

एसपी यादव ने बताया कि आकाश उर्फ बिल्ला के विरुद्ध श्रीगंगानगर जिले के सदर एवं जवाहर नगर थाने में दो NDPS एक्ट के प्रकरण सहित कुल 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर जो कमरा बना रखा है वह उसे अवैध मादक पदार्थ चिट्ठे के भंडारण, विक्रय तथा लोगों को सेवन करवाने के लिए उपयोग करता है।

#### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस संबंध में प्राप्त शिकायत पर जिला पुलिस द्वारा नगर परिषद से समन्वय स्थापित किया गया। सोमवार को एएसपी शहर बी. आदित्य आईपीएस के नेतृत्व में प्रोबेशनर आईपीएस विनय कुमार डीएच व एसएचओ जवाहर नगर देवेन्द्र सिंह मय टीम एसआई नरेश कुमार व राजकुमार, कांस्टेबल विकास, हरदेव, भरत लाल, विरेन्द्र एवं दलीप एवं नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। आरोपी द्वारा अतिक्रमण कर बनाए अवैध कमरे व अहाते को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया।

---

**गड़ावासन एनिकट (बांध) पर घटी घटना, लोगों ने निकाला बाहर**

# बांध में नहाने उतरी देवरानी जेठानी की मौत, फैला मातम

बेधड़क | डूंगरपुर

जिले के सरोदा थाना क्षेत्र के गड़ावासन एनिकट (बांध) पर कपड़े धोने के बाद नहाने उतरी देवरानी-जेठानी के गहरे पानी में डूबने मौत हो गई। मौके पर आसपास कपड़े धो रही अन्य महिलाओं के चिल्लाने पर लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला। देखने के बाद दोनों की मौत हो गई। बता दें कि देवरानी की शादी 3 महीने पहले ही हुई थी। सरोदा थाना एएसआई नरेंद्र सिंह ने बताया कि गड़ावासन गांव की रहने वाली 2 महिलाएं कपड़े धोने गई थी। देवरानी उर्मिला (23) पत्नी महेंद्र कलासुआ और उसकी जेठानी जसोदा (26) पुत्र राजेंद्र कलासुआ दोनों सोमवार दोपहर गड़ावासन बांध में कपड़े धोने गई। कपड़े धोने के बाद दोनों बांध में नहाने उतर गई। इस दौरान दोनों गहरे पानी में चली गई, जिससे दोनों डूबने लगी। उनकी बचाने-बचाने की आवाज सुनकर बांध के बाहर कपड़े धो रही दूसरी महिलाएं चिल्लाई। जिस पर आसपास के लोग दौड़कर आए। वहीं, गांव के लोग भी पहुंच गए, लेकिन तब तक दोनों पानी के गहराई में डूब गई थी। लोगों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद दोनों को पानी के बाहर निकाला, लेकिन डूबने से दोनों की मौत हो गई थी।



### देवरानी की 3 महीने पहले हुई थी शादी

देवरानी उर्मिला पत्नी महेंद्र कलासुआ की शादी 3 महीने पहले ही 17 फरवरी 2024 को हुई थी। वहीं, जेठानी जसोदा की शादी के 7 साल हो चुके हैं। उसके कोई बच्चा भी नहीं है। फिलहाल पुलिस दोनों महिलाओं की मौत को लेकर जांच कर रही है।





### बांध पर लगी लोगों की भीड़

घटना की सूचना पर सरोदा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं, दोनों के पीहर नंदोड और खड़लई गांव से भी लोग पहुंच गए। पुलिस दोनों के शव को सागवाड़ा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए, जहां पर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद बांध पर लोगों की भीड़ लग गई।

### एक दिन पहले ही घर आया था पति

मृतका उर्मिला का पति महेंद्र अहमदाबाद में होटल पर काम करता है। शादी के बाद वह होटल पर काम करने गया था। वह रविवार शाम को ही अहमदाबाद से अपने घर आया था। वहीं, मृतका जसोदा का पति राजेंद्र मुंबई में होटल पर काम करता है। घटना के बाद वह मुंबई से अपने घर के लिए रवाना हो चुका है।

---

**उदयपुर में ट्रैफिक पुलिसकर्मी का दर्द**

# DSP बदतमीजी करते हैं इन्हें हटाओ... सीधे RPS अफसर लगाओ

बेधड़क | उदयपुर




शहर में तैनात के ट्रैफिक पुलिसकर्मी का एक दर्दभरा वीडियो सामने आया है। वीडियो में पुलिसकर्मी अपने उच्चाधिकारी द्वारा बदत्तमीजी करने वाले अधिकारियों को हटाने की मांग कर रहा है। इसमें राजस्थान पुलिस सेवा (RPS) से भर्ती होने वाले अधिकारियों को यातायात का जिम्मा सौंपने की मांग की है। क्योंकि प्रमोटेड अधिकारी बदतमीजी करते हैं।

इधर, वीडियो सामने आमने आने के बाद पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई। वहीं मामले पर ट्रैफिक डीएसपी नेत्रपाल सिंह ने कॉन्स्टेबल पर ही आरोप लगाते हुए कहा कि वह काम नहीं करना चाहता है, इसलिए ऐसे आरोप लगा रहा है। दरअसल सोशल मीडिया पर सामने आया वीडियो उदयपुर सिटी के देहली गेट चौराहे पर तैनात कॉन्स्टेबल आशुराम का है। कॉन्स्टेबल ने वीडियो के जरिए यातायात डीएसपी नेत्रपाल सिंह पर आरोप लगाया कि 'वह काफी समय से परेशान है। डीएसपी गर्मी में उनसे ड्यूटी करवाते हैं। 45 डिग्री तापमान में खड़े रहे तो कैसे रहे। इसके बाद भी ड्यूटी बराबर कर रहे हैं। समय पर ड्यूटी पर आने के बावजूद गाली-गलौज की जाती है। डिप्टी पुराने जमाने में भर्ती हुए हैं और इनका नैतिक स्तर काफी डाउन चल रहा है। पता नहीं कैसे भर्ती होकर आए हैं। इनको ड्यूटी कराने से कोई मतलब नहीं है, ये हमारे से पर्सनल दुश्मनी निकालने में लगे हैं। एसपी और डीजीपी से निवेदन है कि ये जो निचले क्रम के अधिकारी है, उनकी जगह सीधी भर्ती से आने वाले अधिकारियों को जिम्मा दिया जाए। उदयपुर ट्रैफिक डिप्टी नेत्रपाल सिंह जब भी आते हैं, तब बदतमीजी करते हैं। हमें बोलते हैं, चौराहे पर बीच में खड़े हो जाओ। हमारा दर्द समझे, हमें नौकरी से हटा दो या बर्खास्त कर दो, लेकिन हमारे बीच से बदतमीजी करने वाले अधिकारियों को हटाया जाए।

---

**झुंझुनूं के रामेश्वर हत्याकांड के विरोध में वाल्मीकि समाज**

# वाल्मीकि समाज की मांग... आरोपियों को लगाओ फांसी

बेधड़क | धौलपुर

झुंझुनू जिले के सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के बलौदा गांव में गत दिनों शराब के कारोबार से जुड़े बदमाशों ने वाल्मीकि समाज के एक युवक की लाठियों से पीटकर निर्ममता से हत्या का मामला सामने आया था। इस हत्या के मामले में धौलपुर के वाल्मीकि समाज में भी आक्रोश तेज हो रहा है। वाल्मीकि समाज के लोगों ने सोमवार को लामबंद होकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। समाज ने मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर दोषियों को फांसी की सजा एवं परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की। धौलपुर के वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष मोहनलाल थनवार ने बताया कि झुंझुनूं जिले के बलौदा गांव में दबंग शराब माफियाओं ने वाल्मीकि समाज के युवक रामेश्वर की पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी थी। आरोपियों की हैवानियत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उन्होंने कहा कि रामेश्वर वाल्मीकि के साथ हुई घटना से मानवता कलंकित हुई है। वाल्मीकि और दलित समाज के लोग लगातार निशाने पर हैं।



---

**विधायक को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का लगाया आरोप**

# प्रदर्शन: थाना प्रभारी के खिलाफ खोला मोर्चा

बेधड़क | धौलपुर

बसेड़ी विधायक संजय जाटव के समर्थन में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए सरमथुरा थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम बसेड़ी के जरिए पत्र भेजा है। सीएम को भेजे गए शिकायत पत्र में बसेड़ी विधायक के समर्थकों ने बताया कि सरमथुरा थाना प्रभारी जनता की समस्याओं को सुनने के बजाय क्षेत्र में दादागिरी के साथ भय और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगे हुए है।

पत्र में बताया गया कि थाना प्रभारी लोगों को सट्टे और शराब के झूठे केस में फंसाकर शारीरिक प्रताड़ना देते हैं, जिसका विरोध संजय जाटव द्वारा किया गया। पत्र में विधायक के समर्थकों ने बताया कि जब विधायक संजय जाटव ने थाना प्रभारी गौरव कुमार सेन को क्षेत्र में अवैध गतिविधियां रोकने के लिए कहा तो थाना प्रभारी ने विधायक को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया गया कि थाना प्रभारी द्वारा धमकी दिए जाने के बाद शराब माफियाओं के जरिए विधायक पर मारपीट का झूठा मामला दर्ज करा दिया गया।

विधायक के समर्थन में उपखंड अधिकारी सरमथुरा के जरिए मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए पत्र में विधायक समर्थकों ने थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग करते हुए क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने की भी मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को दरकिनार किया गया तो वो आगे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।





---

**अधिकांश खानाबदोश लोगों के हैं शव**

# दो दिन में मिले 12 शव, प्रशासन नहीं मान रहा गर्मी से हुई मौत, सब स्तब्ध

बेधड़क | कोटा

शहर के मेडिकल कॉलेज के दो अस्पतालों में बीते दो दिनों 12 लावारिस शवों के पहुंचने के मामले सामने आए हैं, जिन्हें मोर्चरी में रखवा दिया गया है। वहीं, इनमें से ज्यादातर खानाबदोशों के शव हैं, जो सड़क और रेलवे प्लेटफार्म से बरामद हुए हैं। पुलिस ने इन सभी शवों को अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया।

साथ ही सभी शवों को अस्पतालों की मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया गया है। अस्पतालों के डाटा के अनुसार 25 मई से सोमवार सुबह तक 12 अज्ञात शव मेडिकल कॉलेज के दोनों अस्पतालों में पहुंचे हैं। इसके अलावा तीन अज्ञात रूप से बेहोशी की हालत में पड़े मिले, जिन्हें पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। कोटा एमबीएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. धर्मराज मीणा ने बताया कि सामान्य तौर पर गर्मी में 6 से 8 शव औसतन रोज आते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अन्य स्टेशनों से भी शव कोटा लाए गए, जिन्हें जीआरपी थाना पुलिस अस्पताल लेकर आई। हालांकि, किसी की मौत लू या तापघात से होने के लक्षण नहीं दिखे हैं।




### लोग पहुंच रहे अस्पताल, ले रहे हैं डॉक्टरों से सलाह

दूसरी तरफ नौतपा के दौरान भीषण गर्मी का दौर जारी है। कोटा संभाग में भी ऐसे ही हालात बने हुए हैं। लू भी बड़े जोर शोर से चल रही है और इसकी चपेट में आने से सैकड़ों की संख्या में लोग सरकारी और निजी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टर भी लोगों को गर्मी में बाहर नहीं निकलने की सलाह दे रहे हैं। प्रदेश में पारा 45 से 48 डिग्री CC के बीच चल रहा है।

### 12 से 3 रहेगा मजदूरों के लिए अवकाश

जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने गर्मी को देखते हुए निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों और फैक्ट्री के कामगारों को दोपहर 12 से 3 बजे तक अवकाश पर रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकांश फैक्ट्री मालिकों ने इसे स्वीकार भी कर लिया है। बिना छाया के काम नहीं करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा केशवपुरा, गुमानपुरा, भामाशाह मंडी और रीको एरिया में चार जगहों पर बड़े स्तर पर टेंट लगवाकर छाया का प्रबंध किया जा रहा है। कोचिंग संस्थान की ओर से सड़क पर चलने वाले मजदूरों और राहगीरों के लिए छाछ व लस्सी की भी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही जगह-जगह ठंडे पानी की भी व्यवस्था करवाई जा रही है।

### 2 दिन में भर्ती हुए 3 अज्ञात लोग

उद्योग नगर थाना पुलिस ने 26 मई को एमबीएस अस्पताल में एक 65 वर्षीय अज्ञात महिला को भर्ती करवाया। पुलिस को महिला बेहोशी की हालत में मिली थी। वहीं, 25 मई को भी जीआरपी थाना पुलिस द्वारा एक 22 वर्षीय महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। साथ ही इंदिरा गांधी सर्किल से गुमानपुरा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### यूं चला मौतों के शव मिलने का सिलसिला

वहीं, सोमवार सुबह करीब 9 बजे जीआरपी थाना पुलिस एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव लेकर एमबीएस अस्पताल पहुंची, जिसे अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। इससे पहले रविवार को शाम 6 बजे के आसपास भी जीआरपी थाना पुलिस एक 35 वर्षीय पुरुष का शव एमबीएस अस्पताल लेकर आई थी। उसे भी अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। जीआरपी की ओर से बताया गया कि मोड़क स्टेशन से मृतक का शव बरामद हुआ था। वहीं, रविवार को गुमानपुरा थाना पुलिस को शाम 6 बजे के करीब एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव छावनी पुलिया पर पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने उस शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर, शनिवार को रामपुरा कोतवाली क्षेत्र से एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव लावारिस हालात में बरामद हुआ, जिसे एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। साथ ही जीआरपी थाना पुलिस भी एक 68 वर्षीय व्यक्ति का लावारिस शव लेकर एमबीएस मोर्चरी अस्पताल पहुंची थी। इसके अलावा गुमानपुरा थाना पुलिस नासिर नाम के व्यक्ति का शव लेकर एमबीएस अस्पताल आई, जिसे अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। वहीं, शनिवार को देर रात करीब एक बजे के आसपास रामपुरा कोतवाली थाना पुलिस विक्रम चौक लाडपुरा से 75 वर्षीय मथुरालाल बैरवा का शव लेकर एमबीएस अस्पताल आई, जिसे मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया।

## भवानी निकेतन में नए दृष्टिकोण वाला शिविर आज से, तैयारियां पूर्ण

# 2 लाख स्क्वायर फुट में तैयार हुआ विशाल पंडाल

- शिविर स्थल पर वंचितों के लिए लगेगा रजिस्ट्रेशन काउंटर
- शिविर में लगभग 20,000 से 25,000 लोग आने को उत्सुक

**बेधड़क** | जयपुर

सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से 28 मई से 2 जून तक भवानी निकेतन में आयोजित होने वाले विशाल शिविर के लिए आयोजन समिति के सदस्यों ने शिविर स्थल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायदा लिया। साथ ही यहां की सुचारू व्यवस्था देख रहे वॉलिंटियर्स से शिविर के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान लोगों में रजिस्ट्रेशन के लिए व शिविर स्थल को देखने के लिए भारी उत्साह देखा गया।

शिविर के प्रणेता परमालय की मुख्य प्रशिक्षिका गार्गी मां इंदौर से जयपुर पहुंची और डेमो करवाया। वह इस 11 वें शिविर में शरीर, मन और चेतना को विकसित करने वाले शिविर के पहले दिन सभी को विशेष रूप से संबोधित करेंगी। शिविर में लगभग 20,000 से 25,000 लोगों के आने की संभावना है। इसके अनुरूप ही शिविर स्थल पर व्यवस्थाएं की गई।

### 1500 वॉलिंटियर्स को दी शिविर से संबंधित जिम्मेदारियां

शिविर का संचालन देख रहे संजय माहेश्वरी, अजय मित्तल, कमल सोमानी, नरेंद्र वेद, आलोक तिजारिया, विवेक लड्ढा, प्रमोद मालपानी, राजेश नागपाल सहित प्रमुख लोगों ने आयोजन स्थल पर लोगों के बैठने की और मंच की एवं आने वाले साधकों के लिए विशेष रूप से बनाए गए पंडाल को अंतिम रूप देने में अपना मार्गदर्शन दिया। आयोजन स्थल पर पहुंचे लगभग 1500 वॉलिंटियर्स को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई है। जिससे शिविर में सभी काम व्यवस्थित और सुचारू रूप से हो सके।



### अनेक व्याधियों से मिलेगा छुटकारा

संजय माहेश्वरी ने बताया कि पहले के तीन दिन शिविर को मां गार्गी संबोधित करेंगी। वह हमारा शरीर कैसे शक्तिशाली हो, इसके प्रयोग करवाएंगी। बाद के तीन दिन सन टू ह्यूमन के सूत्रधार पूज्य परमालय का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इन तीन दिनों में ब्रेन शक्तियों को जगाने एवं मन विचार विश्वास और चेतन और चेतन शक्तियों जाने पर काम होगा। शिविर में यह बताया जाएगा कि कैसे हम छोटे-छोटे प्रयोग से अपनी बीमारियां डायबिटीज, बीपी, थायराइड, अर्थराइटिस, माइग्रेन, हृदय रोग डिप्रेशन आदि बीमारियों को कैसे दूर कर सकते हैं। राजेश नागपाल ने बताया इस शिविर में बढ़ा हुआ वजन, ज्यादा भोजन, ग्रहण करके भी आसानी से काम किया जा सकता है।



### शिविर से पूर्व विभिन्न तरह के प्रयोग भी कराए

आयोजन स्थल पर आए वॉलिंटियर्स तथा अन्य लोगों को विभिन्न तरह के प्रयोग भी कराए गए। साथ ही अल्कलाइन नाश्ते के लिए बनाए गए विशेष पंडाल की व्यवस्था भी देखी। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया लगभग 2 लाख स्क्वायर फुट एरिया के पंडाल में यह विशाल आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 20 से 25 हजार साधक व्यवस्थित रूप से बैठ पाएंगे। उन्होंने बताया रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब केवल विशेष परिस्थितियों में ही शिविर स्थल पर रजिस्ट्रेशन की अनुमति दी जाएगी। शिविर मैं आने वालों की मदद के लिए कुछ विशेष काउंटर इस कार्य के लिए खोले जाएंगे। 28 से 2 जून तक होने वाले शिविर में साधक अपने जीवन से जुड़े अनेक पहलुओं के साथ ही अनेक महत्वपूर्ण सूत्रों से लाभान्वित होंगे। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए संजय महेश्वरी, नरेंद्र वैद्य, कमल समानी ने बताया क व्यायाम और सम्यक ज्ञान के सूत्रों को यदि समझकर उसे आदत में लाया जाए तो तमाम प्रकार के व्याधियों से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही व्यक्ति में सकारात्मक बदलाव से आनंदपूर्ण जीवन यात्रा शुरू हो सकती है। यह मनुष्य के वास्तविक लक्ष्य तक पहुंचने में सहायक बनती है। परम आलय जी से प्रेरित इस नए दृष्टिकोण वाले शिविर से लाखों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने बताया इस शिविर में शरीर, मन और चेतना सभी पर एक साथ काम होता है। अनेक शक्तियों को जागृत किया जाता है। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया 28 से 2 जून तक लगने वाले इस शिविर का समय सुबह 6 से 8 बजे तक रहेगा। शिविर पूर्णता निशुल्क है।



### सभी के लिए पंजीयन अनिवार्य किया गया, आई कार्ड पहनना होगा

शिविर के लिए पंजीयन अनिवार्य किया गया है। सभी आने वाले साधकों को अपने गले में आइडेंटी कार्ड पहने को प्रवेश दिया जाएगा। नागपाल ने बताया शिविर आने वाले साधकों को नाश्ते के लिए अपने घर से प्लेट, गिलास, चम्मच अपने साथ लेकर आना होगा । एक आसन बैठने के लिए और जो भी आवश्यक सामग्री उन्हें बताई गई है वह उन्हें अपने साथ लेकर पहुंचे। शिविर के लिए अब तक जयपुर का विभिन्न पार्कों में, ऑफिस में, बैंकों में और अन्य जगह लगभग 350 से 400 डेमो आयोजित किए गए। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया इस शिविर में रोजाना भाग लेने वाले साधकों को 15 से 20 आइटम का ऊर्जावान अल्कलाइन नाश्ता निशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील की।

## Yuva स्टोरीज



### राजस्थान संयुक्त प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी; एग्जाम 2 को

जयपुर। कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर (एयूजे) द्वारा राजस्थान संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आरजेईटी) एडमिट कार्ड 2024 सोमवार को जारी कर दिया गया है। परीक्षा के लिए पंजीकृत उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट jetauj2024.com के माध्यम से राजस्थान संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडमिट कार्ड 2024 डाउनलोड और देख सकते हैं। एयूजे द्वारा आरजेईटी 2024 परीक्षा 2 जून को आयोजित की जाएगी। राजस्थान संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडमिट कार्ड 2024 डाउनलोड करने के लिए, आवेदकों को आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन क्रेडेंशियल के रूप में यूजरनेम और पासवर्ड दर्ज करना होगा। एडमिट कार्ड में उम्मीदवार का नाम, रोल नंबर, परीक्षा केंद्र का विवरण (स्थल, तिथि और समय सहित) और महत्वपूर्ण परीक्षा निर्देश शामिल हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड पर लिखे निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए। परीक्षा के दिन, परीक्षा केंद्र पर अपना मुद्रित प्रवेश पत्र और एक वैध फोटो आईडी लाना न भूलें।




### अब डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल कॉस्ट मैनेजमेंट प्रोग्राम

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ICMAI) के सहयोग से एक नया शैक्षिक कार्यक्रम डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल कॉस्ट मैनेजमेंट (डीएसीएम) लॉन्च किया है। डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल कॉस्ट मैनेजमेंट का उद्देश्य शिक्षार्थियों को कृषि लागतों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए शिक्षित और प्रशिक्षित करना है। कृषि उत्पादन, फसल की खेती, पशुधन पालन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित निर्णय लेने सहित विभिन्न गतिविधियों में जानकारी प्रदान करना है। डीएसीएम कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों में संसाधन उपयोग, कृषि लागत प्रबंधन, मूल्य श्रृंखला और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के प्रति ज्ञान, कौशल और उद्यमशीलता क्षमताओं में दक्षता शामिल है। यह पाठ्यक्रम शहरी और ग्रामीण युवाओं, छोटे और मध्यम उद्यमियों, किसान संगठनों, एनजीओ पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों और प्रगतिशील किसानों को लक्षित करता है, जिनके लिए किसी भी विषय में 10+2 उत्तीर्ण करने की न्यूनतम पात्रता की आवश्यकता होती है। पाठ्यक्रम की अवधि न्यूनतम एक वर्ष से अधिकतम तीन वर्ष तक होती है।

## राष्ट्र सेविका समिति की शाखा का आयोजन

# राष्ट्र के चरित्र निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका : शांता अक्का

**बेधड़क** | जयपुर

गुलाबी नगरी में श्री राधे गोविंददेवजी मन्दिर प्रांगण स्थित पांडाल में सोमवार को प्रातः 6.30-8:30 बजे तक आयोजित राष्ट्र सेविका समिति की शाखा में वंदनीय प्रमुख संचालिका शांता अक्का ने प्रबोध वर्ग शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, उन्होंने कहा कि शाखा के माध्यम से महिलाओं का सर्वांगीण विकास होता है, और वे समाज में तेजस्वी भूमिका निभाने के लिए तैयार होती है।

महिलाएं समाज की प्रमुख धुरी है जिनकी विभिन्न भूमिकाओं से समाज संचालित होता है। मन्दिर समिति के द्वारा माननीय शांता अक्का जी को सप्रेम उपरणा ओढ़ाकर एवं प्रसाद भेंट कर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की क्षेत्र कार्यवाहिका प्रमिला शर्मा, प्रबोध वर्ग की वर्गाधिकारी नर्बदा इंदौरिया व वर्ग की वर्ग कार्यवाहिका संगीता जांगिड, क्षेत्र व प्रांत कार्यकारिणी के दायित्ववान कार्यकर्ता बहनों सहित 100 से अधिक सेविका बहनें व आमजन उपस्थित थे। समिति की गणवेश में सेविकाओं ने शाखा में अनुशासन, राष्ट्र प्रेम, योग, नियुद्ध, यष्टि आदि का शारीरिक व्यायाम भी किया।





# पद्मश्री डॉ. सुब्रोतो का निर्वाण विवि का दौरा



**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर में पद्मश्री डॉ. सुब्रोतो दास, अध्यक्ष, लाइफलाइन फाउंडेशन, गुजरात ने एक दिन का दौरा किया।डॉ. सुब्रोतो दास ने निर्वाण युनिवर्सिटी के दौरे के दौरान चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग और सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा तथा निर्वाण यूनिवर्सिटी की सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट की निदेशक प्रोफसर प्रेरणा अरोड़ा सिंह से मिलकर यूनिवर्सिटी द्वारा उठाए जा रहे सराहनीय कदमों की प्रशंसा की।निर्वाण यूनिवर्सिटी परिवार की तरफ से डॉ. सुब्रोतो दास को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही प्रोफसर प्रेरणा अरोड़ा सिंह ने सड़क सुरक्षा केंद्र एवं निर्वाण यूनिवर्सिटी में चलाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमो एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है की पदमश्री डॉ. सुब्रोतो दास को सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट निर्वाण यूनिवर्सिटी के एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन भी नामित किया गया है।

**रजिस्ट्रेशन** | पंजीकरण ccmt.admissions.nic.in पर शुरू

# सीसीएमटी काउंसलिंग पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 जून तय

**बेधड़क** | जयपुर

नई दिल्ली। केंद्रीकृत काउंसलिंग एमटेक (CCMT) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया यानी 24 मई से शुरू कर दी गई है। कैंडिडेट ऑफिशियल वेबसाइट ccmt.admissions.nic.in पर जाकर सीसीएमटी 2024 काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर रहे हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 7 जून है।

सीसीएमटी काउंसलिंग के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को 2,500 रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा। जबकि, एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी वर्ग के आवेदकों को 2,000 रुपए शुल्क देना होगा। उम्मीदवार ऑनलाइन नेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ यूपीआई से फीस भुगतान कर सकते हैं। एनआईटी और अन्य भाग लेने वाले संस्थानों में एमटेक/ एमआर्क/ एमप्लान/ एमडिज (M.Des) कोर्स में प्रवेश के लिए सीसीएमटी काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी सीसीएमटी पोर्टल पर लास्ट डेट तक पंजीकरण कर सकते हैं। सीसीएमटी काउंसलिंग 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवारों के पास संबंधित ब्रांच में वैध GATE स्कोर होना चाहिए। रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को पात्रता मानदंड में छूट भी दी गई है। शैक्षणिक योग्यता व अन्य जानकारी के लिए कैंडिडेट आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।



### आवश्यक दस्तावेज


सीसीएमटी काउंसलिंग 2024 के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के पास निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए:

कक्षा 10वीं की मार्कशीट, कक्षा 12वीं की मार्कशीट स्नातक (बीई/बी.टेक) मार्कशीट, गेट स्कोर कार्ड (वैलिड), पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, हस्ताक्षर (स्कैन किया हुआ), जाति प्रमाणपत्र (एससी/ एसटी/ ओबीसी-एनसीएल), निवास प्रमाणपत्र, सरकारी पहचान पत्र

### कैसे करें पंजीकरण

**CCMT 2024 पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उम्मीदवार नीचे दिए गए चरणों का पालन कर सकते हैं:**

- सीसीएमटी 2024 की आधिकारिक वेबसाइट www.ccmt.nic.in पर जाएं।
- होमपेज पर दिए गए सीसीएमटी 2024 पंजीकरण लिंक पर क्लिक करें।
- ईमेल आईडी, फोन नंबर, नाम और जन्म तिथि जैसे विवरण दर्ज करें।
- इसके बाद, आवेदक प्रवेश लेने वाले पाठ्यक्रम का चयन करें।




- सीसीएमटी आवेदन फॉर्म भरें और दस्तावेज स्कैन कर अपलोड करें।
- कैटेगरी के अनुसार ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें।
- सभी भरे गए विवरणों को अच्छे से जांचें और फॉर्म जमा करें।
- भविष्य के संदर्भ के लिए प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

# महबूब खां: सही मायनों में 'सन ऑफ इंडिया'



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अदाकार-निर्माता-निर्देशक महबूब खां, नेहरू दौर के अहम फिल्मकार हैं। नेहरू दौर के इस मायने में कि साल 1935 में महबूब खां ने फिल्म 'अल-हिलाल' से फिल्मी दुनिया में डायरेक्शन का आगाज किया, तो 1962 में आई 'सन ऑफ इंडिया' उनकी आखिरी फिल्म थी। इस दरमियान उन्होंने तकरीबन दो दर्जन फिल्मों का डायरेक्शन किया। अपनी इन फिल्मों से महबूब खां ने देशवासियों का मनोरंजन तो किया ही, उन्हें शिक्षित भी किया। उनकी कोई भी फिल्म उठाकर देख लीजिए, इनमें मनोरंजन है, तो एक पैगाम भी। देश के सुंदर भविष्य का सपना, इन फिल्मों में स्पष्ट तौर पर दिखाई देता है। महबूब खां ही नहीं, उस दौर के दूसरे बड़े फिल्मकारों बिमल रॉय, राजकपूर, बीआर चोपड़ा और के.आसिफ की फिल्मों में भी नेहरू के आदर्शों की अक्कासी दिखाई देती है। फिल्मी दुनिया का यह सुनहरा दौर था। इन निर्माता-निर्देशकों की फिल्मों ने देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का महत्त्वपूर्ण काम किया, जिसकी हम बहुत कम चर्चा करते हैं। बहरहाल, 27 मई 1964 को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस दुनिया से अपनी आखिरी विदाई ली, तो अगले रोज यानी 28 मई को महबूब खां भी उनके नक्शे कदम पर चल दिए।

अफसाना निगार और मशहूर जर्नलिस्ट ख्वाजा अहमद अब्बास ने अपने एक मजामीन में इस पूरे दर्दनाक वाकिए को कुछ इस तरह से बयां किया है, ''फिल्म निर्देशक और निर्माता महबूब खां, जिनका नेहरू और उनके आदर्शों के जानिब समर्पण इतना गहरा था कि जैसे उन्होंने नेहरू के न रहने की खबर सुनी, उन्होंने अपने पहले से ही बीमार दिल में दर्द की एक लहर महसूस की और कहा, 'अब इस मुल्क में रहने से क्या फायदा।' इसके बाद वे भी हमेशा-हमेशा के लिए चल दिए।'' भारतीय सिनेमा में 'मुगल-ए-आजम' के बाद 'मदर इंडिया' एक ऐसी बेमिसाल फिल्म है, जो हमारे मुल्क की समाजी, सियासी, मुआशी और तहजीबी ज़िंदगी को बेहतरीन तरीके से दिखलाती है। खास तौर पर निर्माता-निर्देशक महबूब खां ने अपनी इस फिल्म में भारतीय ग्रामीण समाज को जिस फनकारी और शिद्दत से फिल्माया है, वह तो लाजवाब है। महबूब खां ने कई फिल्में बनाईं, अदाकारी की, फिल्म लेखन और निर्देशन किया, लेकिन उन्हें 'मदर इंडिया' के डायरेक्टर के तौर पर ही हमेशा याद किया जाएगा। 'मदर इंडिया' के बाद, उनकी कोई फिल्म वह कमाल नहीं दिखा पाई। अलबत्ता 'मदर इंडिया' से पहले उनकी एक से बढ़कर एक फिल्में 'रोटी', 'अनमोल घड़ी', 'अनोखी अदा', 'अंदाज', 'आन' और 'अमर' आईं और उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा दिखाया। आलम यह था कि उस वक्त इन फिल्मों के मधुर गाने मुल्क के घर-घर में पहुंचे। यहां तक कि इन फिल्मों की मकबूलियत सात समंदर पार भी पहुंची। महबूब खां, बीसवीं सदी के चौथे और पांचवे दशक के कामयाब डायरेक्टर थे। उनका नाम ही फिल्मों की कामयाबी की जमानत माना जाता था। एक दौर था, जब मायानगरी मुंबई में महबूब खां का डंका चारों ओर बजता था। उनके साथी निर्माता-निर्देशक, कलाकार, गीतकार, संगीतकार से लेकर फिल्मों से जुड़ा छोटा-सा छोटा टेक्नीशियन उन्हें इज्जत-ओ-एहतिराम देते थे। वे वाकई सबके महबूब थे अपनी फिल्मों से उन्होंने सभी को अपना दीवाना बना रखा था। अफसोस, उन्हें बहुत कम उम्र मिली। महज 57 साल की उम्र में उन्होंने यह दुनिया छोड़ दी। वरना, हिंदी फिल्मों के शैदाईयों को उनकी और भी कई नायाब फिल्में देखने को मिलतीं।



**फिल्मकार महबूब खां का स्मृति दिवस**

> *2007, महबूब खां का जन्मशती साल था। इस मौके को यादगार बनाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने उन पर एक डाक टिकट जारी किया। 'मदर इंडिया' जैसी बेहतरीन फिल्म बनाने वाले महबूब खां सच मायने में 'सन ऑफ इंडिया' थे। हिंदी सिनेमा का जब भी इतिहास लिखा जाएगा, महबूब खां का नाम सुनहरे हुरूफ में अलग से चमकता हुआ दिखाई देगा।*

गुजरात के गणदेवी तालुका (जिला नवसारी) के बिलिमोरा में एक गरीब परिवार में 9 सितम्बर, 1907 में जन्मे महबूब खां का पूरा नाम, महबूब खां रमजान खां था। उनकी इब्तिदाई जिंदगी बेहद संघर्षों में गुजरी। आज इस बात का शायद ही कोई यकीन करे कि फिल्मी दुनिया में आने से पहले उन्होंने घोड़े की नाल बनाने और उसकी मरम्मत का काम भी किया था। फिल्मों में महबूब खां का आगाज निर्माता-निर्देशक अर्देशर ईरानी की फिल्म कंपनी 'इंपीरियल' के स्टुडियो में एक्सट्रा के काम से हुआ। छोटे-छोटे कदम बढ़ाते हुए, जल्द ही वे उनके साथ सहायक निर्देशक हो गए। हर नौजवान की तरह महबूब खां का भी ख्वाब, फिल्मों में हीरो बनना था। उन्होंने 'मेरी जान' (1931), 'दिलावर' (1931), 'जरीना' (1932) और 'चंद्रहास' (1934) जैसी फिल्मों मे अदाकारी भी की, लेकिन कामयाब नहीं हुए। आखिरकार वे डायरेक्शन के मैदान में आ गए और साल 1936 में उनके डायरेक्शन से सजी पहली फिल्म 'अल-हिलाल' यानी 'जजमेंट ऑफ अल्लाह' आई। और इसके बाद, महबूब खां ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। 'सागर मूवीटोन' और 'नेशनल स्टूडियोज' के लिए उनके द्वारा निर्देशित फिल्मों में 'डेक्कन क्वीन' (1936), 'एक ही रास्ता' (1939), 'अलीबाबा' (1940), 'औरत' (1940), 'बहन' (1941) और 'रोटी' (1942) शामिल हैं। महबूब खां की 'रोटी' वह फिल्म है, जिसमें मलिका-ए-गजल बेगम अख्तर ने न सिर्फ अदाकारी की, बल्कि कुछ नगमे-गजलों को भी अपनी मखमली आवाज दी। फिल्म का मौजूअ अप्रत्यक्ष तौर से साम्राज्यवाद की मुखालफत करना था, जो उस वक्त के हिसाब से बेहद चुनौतीपूर्ण काम था। साल 1945 में महबूब खां ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस 'मेहबूब प्रोडक्शंस' कायम किया। इस बैनर पर 1946 में उन्होंने 'अनमोल घड़ी' का निर्देशन किया। जिसमें गायक सुरेंद्र, नूरजहां और सुरैया अहम भूमिकाओं में थे। उनकी पहली ही निर्देशित फिल्म म्यूजिकल हिट साबित हुई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### सरकारी तंत्र में भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत सबसे बड़ा कारण

# लापरवाही की आग में खाक होती जिंदगी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *सच तो यह है कि आग की लपटों से अब कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है, चाहे वह इमारत, अस्पताल, स्कूल, सिनेमाहाल हो अथवा सार्वजनिक स्थान ही क्यों न हो। कहीं भी आग से निपटने के समुचित बंदोबस्त नहीं है। अभी गत वर्ष ही देश की राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में निर्मित तीन मंजिला व्यवसायिक इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हुई। 2019 में रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी में लगी भीषण आग में 43 लोगों की जान गई। बाहरी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर पांच में एक इमारत में अवैध रुप से चल रही पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में तकरीबन 17 लोगों की जान गई।*

गुजरात राज्य के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी आग में तकरीबन ढाई दर्जन लोगों की जलकर मौत दिल को दहला देने वाली मर्मांतक घटना है। बताया जा रहा है कि टीआरपी गेम जोन नाम की इस जगह पर जनरेटर चलाने के लिए हजारों लीटर पेट्रोल-डीजल रखा हुआ था और फाइबर डोम से निकली लपटों ने कईयों की जिंदगी लील ली। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गेम जोन का पूरा ढांचा ही जलकर खाक हो गया। राजकोट के डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर की मानें तो टीआरपी गेम जोन ने 'फायर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' के लिए अप्लाई नहीं किया था। न ही उसने नगर निगम से किसी अन्य तरह की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। सवाल लाजिमी है कि फिर टीआरपी गेम जोन का संचालन किसकी अनुमति से हो रहा था? क्या स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत थी? इससे इंकार नहीं किया जा सकता। यह पर्याप्त नहीं कि सरकार एक्शन में है और जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दी है। यह भी पर्याप्त नहीं कि सरकार की तरफ से मृतकों के लिए मुआवजे का एलान कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ ली गई। सच तो यह है कि अगर समय रहते बिना 'फायर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' के चल रहे टीआरपी गेम जोन के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई होती तो लोगों की जिंदगी खाक नहीं होती।

सवाल लाजिमी है कि क्या इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलााफ सख्त कार्रवाई होगी? इस बात की क्या गारंटी है कि अब इस तरह की हृदयविदारक घटनाएं नहीं होंगी? अक्सर देखा जाता है कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं, राज्य प्रशासन हरकत में आ जाता है, लेकिन कुछ दिनों बाद ही इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने लगती है। इसका सीधा तात्पर्य यह हुआ कि गैर-कानूनी ढंग से काम करने वाले लोगों के मन में कानून और सजा का भय नहीं हैं। गौर करें तो इस समय देश के कई हिस्सों में आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं में एक बात समान रूप से देखने को मिल रही है कि कहीं भी आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। याद होगा गत वर्ष पहले गुजरात राज्य के सूरत की तक्षशिला कॉम्पलेक्स में भीषण आग लगी थी, जिसमें 23 लोगों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का समुचित इंतजाम नहीं था। राजकोट के टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में कई बच्चों की जान गई है। गर्मी की छुट्टी के कारण बच्चे वहां खेलने गए थे, लेकिन उनकी जिंदगी आग की लपटों की भेंट चढ़ गई। याद होगा दिसंबर 1995 में हरियाणा के मंडी डबवाली में स्कूल के एक कार्यक्रम के दौरान पंडाल में आग लगने से तकरीबन 442 बच्चों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का पुख्ता इंतजाम नहीं था। इसी तरह 6 जुलाई, 2004 को तमिलनाडु के कुंभकोणम जिले में लगी आग से 91 स्कूली बच्चों ने दम तोड़ा।

याद होगा दिल्ली में ही किन्नरों के महासम्मेलन के दौरान पंडाल में लगी आग से 16 किन्नरों की जान जा चुकी है। 31 मई 1999 को दिल्ली के ही लालकुंआ स्थित हमदर्द दवाखाना में केमिकल से लगी आग में 16 लोगों को जान गई। याद होगा 13 जून 1997 को दिल्ली के उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई। मध्य मुंबई के लोअर परेल इलाके में निर्मित दो रेस्टोरेंट कम पब में अचानक भड़की आग में 14 लोगों की जान गई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग में छः मरीजों की दर्दनाक मौत हुई। यूपी के ही कानपुर में लिकेज सिलेंडर से आग लगने से पांच लोगों की जान गई। गत वर्ष पहले केरल के कोल्लम में पुत्तिंगल देवी मंदिर में आतिशबाजी से लगी आग में एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई। गत वर्ष पहले उज्जैन जिले के बड़नगर में पटाखे की फैक्ट्री में भीषण आग में डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई।

आंध्रप्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड यानी गेल की गैस पाइपलाइन में लगी आग से हुए विस्फोट में तकरीबन डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की जान गई। यही नहीं एशिया के सबसे बड़े आयुध भंडारों में शुमार महाराष्ट्र के पुलगांव स्थित आयुध भंडार में भी आग लगी थी, जिसमें दो सैन्य अधिकारियों समेत 18 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। गौर करें तो सन् 2000 से 2018 के बीच आधा दर्जन से अधिक आयुध भंडार आग की लपटों की भेंट चढ़ चुके हैं। इसमें हजारों करोड़ रुपए की सैन्य संपत्ति नष्ट हुई है। गत वर्ष पहले तमिलनाडु के शिवकाशी के मुदालीपट्टी में पटाखे की एक फैक्ट्री में आग लगने से 54 लोगों की मौत हुई। 6 अगस्त, 2001 को तमिलनाडु के इरावदी जिले में स्थित एक निजी संरक्षण गृह में आग लगने से मानसिक रुप से कमजोर 28 लोग जलकर मर गए। तमिलनाडु के ही श्रीरंगम विवाह समारोह में आग लगने से 50 लोग काल-कवलित हुए। 7 दिसंबर 2004 को दिल्ली के भोलानाथ नगर में हौजरी फैक्ट्री में आग लगने से एक दर्जन लोग मारे गए। 15 सितंबर, 2005 को बिहार में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 35 लोग जलकर खाक हुए। 10 अप्रैल, 2006 को मेरठ के विक्टोरिया पार्क में लगे मेले में भीषण आग में 60 लोगों की जलकर मौत हुई। 23 मार्च, 2010 को कोलकाता के स्टीफन कोर्ट बिल्डिंग में लगी आग में 46 लोग और 20 नवंबर 2011 को दिल्ली के नंदनगरी में आयोजित एक समारोह में 14 लोग मारे गए। 27 जुलाई, 2005 को मुंबई के पास बांबे हाई में ओएनजीसी प्लेटफार्म पर भयंकर आग में 12 लोगों को जान गंवानी पड़ी।

इसी तरह जून 2012 में महाराष्ट्र सरकार का मंत्रालय अग्नि की भेंट चढ़ गया। गत वर्ष पहले कोलकाता के नामी-गिरामी निजी अस्पताल एडवांस मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में लगी आग में 90 लोगों की जान गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद केंद्र व राज्य सरकारों ने आपदा प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त करने का वादा किया। सभी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों को फरमान जारी किया गया कि वे अपने यहां अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चत करें। दिखावे के तौर पर स्कूलों और कोचिंग संस्थानों ने उपकरणों की व्यवस्था तो कर ली लेकिन यह सिर्फ हाथी दांत ही साबित हो रहा है। नतीजतन आग की घटनाओं में कमी के बजाए लगातार वृद्धि हो रही है। गौर करें तो आग लगने के दो प्रमुख कारण हैं- एक, जिन स्थानों पर अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की गई है वहां उसका इस्तेमाल कैसे हो? उसकी जानकारी कर्मियों को नहीं है। या यों कहें कि उन्हें समुचित ट्रेनिंग नहीं दी गई है। दूसरा कारण सरकारी तंत्र के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा पैसे लेकर अवैध तरीके से निर्मित इमारतों को एनओसी जारी कर दिया जा रहा है। नतीजा सामने है। जब भी इस तरह के हादसे होते हैं कहा जाता है कि तंत्र और सरकारें सबक लेंगी। आपदा प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा, लेकिन फिर वहीं ढाक के तीन पात। शायद सरकारें अग्निजनित हादसों को आपदा मानने को तैयार ही नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# हाय हाय रे टेंपरेचर...



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

बढ़ते हुए टेंपरेचर को लेकर मौसम विभाग में पहले ही चेता दिया था। यह तो ठीक है अत्यधिक टेंपरेचर होने की वजह से अभी तक किसी का मिजाज नहीं बदला वरना चुनाव के समय तिकड़म के चलते सामाजिक वातावरण के जो बदलाव हो रहे हैं उसको देखते हुए आर्थिक रूप से सारे परिणाम बदले बदले नजर आते और इस टेंपरेचर में अच्छा हुआ किसी का मिजाज नहीं बिगड़ा नहीं तो किसी न किसी को तो लेने के देने पड़ जाते हैं। ऐसा पूर्वानुमान देख कर अनुमान लगा सकते हैं। वैसे भी देखने में ही आ रहा है कि टेंपरेचर बढ़ने का कोई मौसम नहीं होता गर्मी, बरसात, ठंड , बसंत , पर्यावरण का टेंपरेचर समय की नजाकत को देखते हुए महंगाई की तरह बढ़ता ही जा रहा है।

इन दिनों पता नहीं मेरी समझ में यह नहीं आ रहा है कि , सूरज ने मतदाता की तरह या फिर नेताओं की तरह थोड़ी सी गर्मी क्या दिखाई या फिर सभी विषय में अपनी पकड़ रखने वालों अच्छे अच्छों जानकार, ज्ञानचंद ज्ञानी, भविष्यवाणी करने वाले के हाई टेंपरेचर के चलते आंकड़े क्या गड़बड़ा गए कि सभी के पसीने छूट गए। सूरज की सबसे छोटी नाम मात्र की गति के चलते सभी वर्गों का टेंपरेचर बड़ा हुआ दिखाई दे रहा है सब के सब हलकान नजर आ रहे हैं। ज्यादातर लोग टेंपरेचर का नाम सुनते हैं हाइट टेंपरेचर में आ जाते हैं और फिर विभिन्न प्रकार के अर्थ निकालकर अपना अर्थ बताते हुएं अर्थ बनाने लगते हैं इधर देखो तो चुनाव के दौरान नेताजी का टेंपरेचर परिणाम को लेकर बढ़ा हुआ है और तो और कौन बागी, कौन बाकी की भूमिका में नजर आकर आस्तीन का सांप बना हुआ है। इधर, मतदाता को टेंशन में रहने के कारण नेताजी का टेंपरेचर अधिक बढ़ा हुआ है। इस टेंशन के चलते मतदाता को समझ में नहीं आ रहा है कि किसको अपना मत देना या किसी को मत देना अथवा नोटा या फिर लौटा के इस दरमियान द्वंद युद्ध के चलते मानसिक रूप से टेंपरेचर बढ़ा हुआ है।

इस तरफ चुनावी आमसभा में बोलने वाले न जाने क्या-क्या बोल रहे हैं और इतना बोल रहे हैं कि बोलते-बोलते उनका भी टेंपरेचर हाई हो गया। सुनने वाला का भी टेंपरेचर ब्लड प्रेशर और शुगर की तरह कुछ ऊंचा-नीचा हो रहा है। पता नहीं कब, कौन, कहां क्या-क्या...। नल की टोटी, मंगलसूत्र, भैंस चुरा के ले जाए और टेंपरेचर बड़ा जाए उनके बोलने के चक्कर में चुनाव संपन्न करने वाले का टेंपरेचर 24 घंटे बड़ा हुआ नजर आ रहा है। इधर टेंपरेचर के चलते शिकायतों का दौर हाई लेवल पर चल रहा है। इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए देखने में यही आ रहा है कि हर किसी का टेंपरचर बीमारी की तरह बढ़ता हुआ नजर आ रहा है, लेकिन सच पूछो तो किसी ने आज तक यह जानने की कोशिश नहीं की, कि भूख, रोटी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसी कई मूलभूत परेशानियों, संकटों की तरफ ध्यान न देकर इन्होंने किन किन का टेंपरेचर कितना कितना बढ़ाया है, जिसके चलते 2 जून की रोटी के लाले पड़े हुए हैं तथा विभिन्न प्रकार की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक बीमारियों के चलते सरकारी योजनाओं की तरह आमजन अस्पताल में लाचार असहाय पड़ा हुआ है। आज तक इस बात का टेंपरेचर कितना बढ़ा हुआ चल रहा है यह सभी को पता है, लेकिन किन कारणों के चलते बढ़ा है यह पता नहीं चल पा रहा है।

मेरे सा रा आ धा अल्पमत ज्ञान ( सा- सामाजिक, रा- राजनीतिक, आ- आर्थिक, धा- धार्मिक) के अनुसार शायद टेंपरेचर को किसी भी मापक यंत्र से माप नहीं जा सकता है, क्योंकि किसी स्वार्थ के कारण जितने भी, जिसने भी वादे, घोषणा एवं योजनाएं बताई है अथवा मूलभूत सुविधाओं की प्राप्ति के लिए हमें जितनी परेशानियां, संकट हमारे सामने आ रहे हैं, उनका हल नहीं निकल रहा है और विगत कई दिनों से हल सड़क पर पड़े होने के कारण पता नहीं कितने दिनों तक टेंपरेचर बढ़ाए रखेगा। ऐसी कई परिस्थितियों के चलते टेंपरेचर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हाय रे हाय टेंपरेचर! तेरे बारे में इतना ज्ञान हासिल करने के बाद ऐसा लगता है कि यह एक समस्या है, जिसने मेरा भी टेंपरेचर बढ़ा दिया और टेंपरेचर एक बीमारी की तरह है जो कभी खत्म होने वाली नहीं है। हाई टेंपरेचर के लिए जिम्मेदार कौन इस बात पर सब है मौन। परिस्थितियों और समय को देखते हुए जोखिम नहीं उठाना चाहिए क्योंकि टेंपरेचर बढ़ा हुआ है। इतना सब कुछ पढ़ने के बाद पाठकों का भी टेंपरेचर बढ़ गया होगा।

### नॉलेज कॉर्नर: गर्मियों के सीजन में लस्सी की बढ़ जाती है डिमांड

# शरीर के लिए बेहद फायदेमंद है लस्सी

इस भीषण गर्मी में आमजन की जिंदगी बेहद प्रभावित हो रही है। तापमान बढ़ने से लोग घरों में कैद से हो गए है। इस बीच तेज गर्मी से बॉडी को ठंडा और हाइड्रेटेड रखना ज्यादा जरुरी हो जाता है। वैसे तो बॉडी को ठंडा रखने के लिए हमारे पास कई ऑप्शंस मौजूद हैं, लेकिन, इनमें से लस्सी सबसे बेहतरीन ड्रिंक्स में से है। लस्सी न सिर्फ हमारी प्यास बुझाती है बल्कि, इसके साथ ही हमारे शरीर को कई तरह के फायदे भी पहुंचाती है। विशेषकर गर्मियों के इन दिनों में रोजाना लस्सी का सेवन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानने की कोशिश करते हैं लस्सी के गुणों के बारे में...

#### बॉडी को हाइड्रेटेट करने में करती है मदद

लस्सी आपके बॉडी के लिए इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि आपकी बॉडी को हाइड्रेटेड रखने में काफी हद तक मदद करता है। दही और पानी की मदद से बनाया गया यह ड्रिंक गर्मियों के इन दिनों में आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। दही में मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर के तरल पदार्थों को फिर से रि-स्टोर करने में मदद करते हैं, जो आपकी बॉडी को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं। लस्सी में आपको भरपूर मात्रा में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं। इनमें मौजूद बैक्टीरिया आपके गट हेल्थ को बेहतर बनाने का काम करते हैं। ऐसा होने पर आपका डाइजेशन बेहतर हो जाता है।



#### इम्युनिटी बढ़ाती है

लस्सी में आपको कई तरह के जरुरी न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं। इनमें कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल्स शामिल है। ये सभी चीजें मिलकर आपकी इम्युनिटी को बूस्ट करते हैं। अगर आप डेली बेसिस पर लस्सी का सेवन करते हैं तो ऐसे में आपकी बॉडी को कई तरह के इन्फेक्शंस से लड़ने में मदद मिलती है। गर्मियों के इन दिनों में यह आपकी बॉडी को हेल्दी रखने में भी मदद करता है। गर्मियों के इन दिनों में आपको पाचन संबंधी कोई भी समस्या न हो इसलिए आप लस्सी का सेवन रोजाना के बेसिस पर कर सकते हैं।

#### एनर्जी बूस्टर जैसी है लस्सी

*लस्सी आपके लिए एक तरह की नेचुरल एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है भले ही इसमें आपको अलग से ऐडेड शुगर नहीं देखने को मिलता है। लस्सी में मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिन और मिनरल्स आपको लंबे समय तक चलने वाली एनर्जी प्रोवाइड करती है। खासकर यह गर्मियों में बेहद फायदेमंद है।* कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
समाजवादी पार्टी जिन माफियाओं के सामने नाक रगड़ती थी, उन माफियाओं को मिट्टी में मिलाकर पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय जी और स्व. अवधेश राय जी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

## बिहार: राहुल गांधी की सभा में मंच का एक हिस्सा धंसा, गिरने से बाल-बाल बचे

# अब पीएम नहीं बनेंगे मोदी, इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार: राहुल

**एजेंसी** | पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के मतदान से पहले प्रचार अभियान तेज हो गया। भाजपा और विपक्षी महागठबंधन के नेताओं ने सोमवार को कई सभाओं कों संबोधित किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को राज्य में पटना साहिब, पाटलिपुत्र और आरा संसदीय क्षेत्र में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। शुरुआत पटना साहिब लोकसभा के बख्तियारपुर से शुरुआत हुई। बाद में उन्होंने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के पालीगंज में जनसभा को संबोधित किया। लेकिन वहां उस समय बड़ा हादसा टल गया जब राहुल गांधी की सभा के मंच का एक हिस्सा धंस गया। राहुल गांधी गिरने से बाल बाल बच गए। मंच पर मौजूद राजद नेता व विपक्षी गठबंधन इंडिया की प्रत्याशी मीसा भारती ने उनका हाथ पकड़कर संभाल लिया। घटना के बाद राहुल गांधी ने अपने सुरक्षा कर्मियों से कहा कि



मैं ठीक हूं। हालांकि कुछ देर में सब कुछ ठीक हो गया। बाद में राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। राहुल गांधी के साथ तीनों रैलियों में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा माले के दीपंकर भट्टाचार्य समेत इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद रहे।

### महिलाओं के खाते में हर महीने 8500 रुपए

राहुल गांधी ने ये भी कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद जुलाई से महिलाओं के खाते में हर महीने 8,500 रुपए जमा किए जाएंगे जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति बदल जाएगी।

### अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे

राहुल गांधी ने बख्तियारपुर की सभा में मीरा कुमार के बेटे कांग्रेस प्रत्याशी अविजित अंशुल के लिए वोट की अपील। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि अब नरेंद्र मोदी पीएम नहीं बनेंगे क्योंकि देश भर में विपक्षी गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट लहर है। उन्होंने कहा कि केंद्र में अगली सरकार इंडिया गठबंधन की बनने जा रही है। इसके साथ ही हम अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़ेदान में फेंक देंगे। राहुल ने कहा कि हम सेना में दो तरीके के शहीद नहीं चाहते। अग्निवीर योजना में जवानों को शहीद का दर्जा नहीं मिलता है। उन्हें स्थाई नौकरी, पेंशन, कैंटिन या अन्य सुविधाएं भी नहीं मिलती। सेना के जवानों के बीच सुविधाओं में अंतर हो तो इसे हम स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि देश भर में खाली पड़े तीस लाख सरकारी पदों पर युवाओं को नौकरी दी जाएगी।

### पीएम मोदी पर कसा तंज

रैली के दौरान राहुल गांधी के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहे। प्रधानमंत्री के 'परमात्मा द्वारा भेजे जाने' संबंधी कथित बयान पर कटाक्ष करते हुए राहुल ने कहा, चार जून के बाद अगर भ्रष्टाचार के बारे में प्रवर्तन निदेशालय मोदी से सवाल करेगा तो वह कहेंगे, मैं कुछ नहीं जानता... मुझे परमात्मा ने कहा था।

### प्रियंका ने नवजोत सिद्धू की पत्नी से पूछे हालचाल



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कांग्रेस नेता व पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू से मुलाकात की और उनके हालचाल पूछे। नवजोत कौर का कैंसर का उपचार चल रहा है। सिद्धू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो शेयर की है जिसमें उनकी बेटी, प्रियंका गांधी और उनके बेटे नजर आ रहे हैं। नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी सालभर से अधिक समय से कैंसर से लड़ रही हैं।

### ओडिशा विधानसभा चुनाव में 412 उम्मीदवार करोड़पति

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा चुनाव में 412 करोड़पति उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। एडीआर ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में 1285 में से 1283 उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हलफनामे के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार इस बार 1283 में से 412 उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनमें बीजद के 128, भाजपा के 96, कांग्रेस के 88 और आम आदमी पार्टी के 88 प्रत्याशी करोड़पति हैं। इन सभी ने अपने हलफनामे में अपनी संपत्ति एक करोड़ से ज्यादा दिखाई है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 के विधानसभा चुनाव में सभी प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 2.89 करोड़ रुपए है। पूर्व कोयला मंत्री दिलीप रे ने अपनी संपत्ति 313.53 करोड़ रुपए दिखाई है। बता दें कि दिलीप रे राउरकेला विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। दिलीप रे के बाद चंपुआ से बीजद प्रत्याशी सनातन महाकुड दूसरे सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। महाकुड ने अपने हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति 227.67 करोड़ रुपये दिखाई है।

## यूपी: गृह मंत्री अमित शाह ने सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

# राहुल 40 व अखिलेश 4 सीटों का आंकड़ा भी नहीं कर पाएंगे पार

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 13 संसदीय क्षेत्रों में गरमाए सियासी घमासान के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस-समाजवादी पार्टी और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चार जून को राजग की विजय निश्चित है। चार तारीख की दोपहर को आप देख लेना कि राहुल गांधी के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहेंगे कि वे ईवीएम के कारण हारे। अमित शाह सोमवार को कुशीनगर, बलिया और वाराणसी संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। शाह ने सहारा इंडिया परिवार में लोगों के फंसे रुपयों को वापस दिलाने को लेकर सपा द्वारा उठाए गए सवालों का जिक्र करते हुए कहा कि आज अखिलेश यादव सहारा रिफंड पोर्टल का मुद्दा उठा रहे हैं। मुझे बताइए कि 85 हजार करोड़ रुपए का सहारा का घपला किसके समय में हुआ? किसने लोगों को लूटने दिया? अखिलेश की पार्टी सहारा के फंड से चलती थी। सहारा की लूट को आपने जन्म दिया। पीएम मोदी ने तो रिफंड देने



की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि तीन कॉरपोरेटिव का रिफंड चालू हो गया है और प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है जिसका केस सुप्रीम कोर्ट में है। उन्होंने कहा कि ये हमारी गारंटी है कि लोगों को 85 हजार करोड़ रुपए वापस दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि छह चरण का चुनाव खत्म हो गया है। पांच चरणों में प्रधानमंत्री मोदी ने 310 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया है। राहुल गांधी की पार्टी 40 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। अखिलेश यादव की पार्टी की तो चार सीटें भी पार नहीं होंगी। देश की जनता ने अगले पांच साल के लिए नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री तय कर लिया है।

### हार का ठीकरा भाई-बहन पर नहीं, खरगे पर

शाह ने कहा कि हार का ठीकरा भाई-बहन पर नहीं फूटेगा। हार का ठीकरा खरगे (मल्लिकार्जुन) साहब पर फूटेगा। उनकी नौकरी जाने वाली है। अमित शाह ने कहा कि इस लड़ाई में एक ओर नरेंद्र मोदी हैं जिन्होंने एक अति पिछड़े के घर में जन्म लिया। दूसरी ओर चांदी के चम्मच के साथ जन्म दो शहजादे, राहुल गांधी और अखिलेश यादव हैं। पूर्वांचल की तकलीफ इन्हें मालूम नहीं है। पूर्वांचल की गर्मी उनसे सहन नहीं होती। अमित शाह ने कहा कि मैं आज अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती से पूछना चाहता हूं कि ये हमारा कुशीनगर चीनी का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध था। आपके समय में चीनी मिलें बंद हो गईं। हमारी सरकार के समय में 20 बंद की हुई चीनी मिलों को चालू करने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। पांच नई मिलें बनाने का काम भी भाजपा की सरकार ने किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गलती से भी यदि इनको जिता दिया तो ये पिछड़ों का आरक्षण छोड़कर मुस्लिमों को देंगे। यह संविधान सम्मत नहीं है। जब तक नरेन्द्र मोदी हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। जब तक भाजपा का एक भी सांसद है हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण को नहीं आने देंगे। ये सत्ता में आए तो पांच साल में बारी-बारी पांच प्रधानमंत्री बनाने की बात करते हैं।

### कांग्रेस-सपा सत्ता में आए तो वसूलेंगे विरासत कर: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोनभद्र जिले में एक जनसभा में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लोग सत्ता में आए तो औरंगजेब के जजिया कर की तरह ही विरासत टैक्स वसूलेंगे। आज कांग्रेस और सपा उसी रास्ते पर चल रहे हैं ऐसा लगता है कि औरंगजेब की आत्मा उनके अंदर प्रवेश कर गई है ।सीएम ने कहा कि सपा और कांग्रेस कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनेगी तो अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण को मुसलमानों में बांट देंगे। ऐसा कहकर वे बाबा साहब का अपमान कर रहे हैं क्योंकि बाबा साहब ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा आमजन को आश्वस्त करती है कि अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण पर किसी को डकैती नहीं डालने देंगे।

## टीएमसी के खिलाफ विज्ञापन का मामला

# भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

■ कटुता बढ़ाने की नहीं दे सकते छूट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी भाजपा को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने विज्ञापन मामले में दी गई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, अदालत ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन में तृणमूल कांग्रेस और उसके कार्यकर्ताओं के खिलाफ विज्ञापन जारी करने से रोकने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली भाजपा की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया है।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि इस तरह के विज्ञापन अपमानित करने वाले हैं। आप कह सकते हैं कि आप सबसे अच्छे हैं, लेकिन दूसरों के बारे में इस तरह की बातें नहीं कर सकते। हम आपको इस तरह की कटुता बढ़ाने की छूट नहीं दे सकते।

न्यायाधीश जेके माहेश्वरी और न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। इसके बाद भाजपा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया ने मामले को वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने मामले को वापस लिया गया यह मानकर खारिज कर दिया।



### चुनावी प्रक्रिया के दौरान मानक बनाकर रखें

पीठ ने कहा कि राजनीतिक दलों को ध्यान रखना चाहिए कि वे चुनावी प्रक्रिया के दौरान भी अपने मानक बनाकर रखें और एकता अखंडता को बनाए रखें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब साफ-साफ दिख रहा है कि इस तरह के विज्ञापन आपत्तिजनक हैं तो हाईकोर्ट के आदेश में दखल क्यों दिया जाए।

## हिमाचल: प्रियंका ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा...

# धनबल से सरकार गिराने का प्रयास

■ कांग्रेस 55 साल सत्ता में रही...BJP 10 साल में ही दुनिया की अमीर पार्टी बन गई

**एजेंसी** | शिमला

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में चुनाव सभओं के दौरान पीएम मोदी और भाजपा पर अक्रामक तेवर में नजर आईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 55 साल सत्ता में रही लेकिन कभी दुनिया की सबसे अमीर पार्टी नहीं बनी। भाजपा 10 साल में सबसे अमीर बन गई। उन्होंने मोदी सरकार पर राज्य की सरकार को धनबल से गिराने का प्रयास करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधायकों को खरीदकर



कभी सरकारें नहीं गिराईं। प्रियंका ने चंबा में चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी व्यापारी मित्रों को करोड़ों का ठेका नहीं दिया, जैसा कि आज मोदी सरकार दे रही है। प्रियंका गांधी ने विवादास्पद अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद इस योजना को खत्म करके पुरानी भर्ती योजना को फिर से लागू किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की प्रतिवर्ष एक लाख रुपए और नौकरी गारंटी योजना के बारे में भी लोगों बताया। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार आती है तो सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि उनकी पार्टी की सरकार आने के बाद किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। 10 सालों से धर्म का नाम लेकर भाजपा सरकार सिर्फ सत्ता में रहना चाहती है। सत्ता में रहने के लिए धनबल का खूब इस्तेमाल कर रही है।

## पीएम पर साधा निशाना, कहा...

# मुद्दे की बात नहीं करते मोदी: तेजस्वी

**एजेंसी** | पटना

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोल रहे हैं। एक बार फिर पीएम पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा है कि मोदी जी मुद्दे की बात नहीं करते हैं, इसलिए देश की जनता उनको सुनना नहीं चाहती है। आरजेडी नेता ने कहा कि दो दिन पहले उन्होंने पीएम के नाम एक खुला पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन वादों को याद दिलाया है, जो 2019 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री ने किया था। सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने ये बातें



कहीं। तेजस्वी कहा कि प्रधानमंत्री अपने चुनावी भाषण में ऐसी-ऐसी बातों का जिक्र कर रहे हैं जिसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में भाजपा गठबंधन का सफाया हो रहा है। अब देश की जनता ने मन बना लिया है कि भाजपा से देश को मुक्ति दिलानी है। तेजस्वी ने एक बार फिर से दावा किया है कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

## इंडिया गठबंधन की 1 जून को बैठक

# चुनाव नतीजों के बाद की रणनीति पर चर्चा संभव,TMC शामिल नहीं होगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं की 1 जून को दिल्ली में बैठक होगी इस बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। लेकिन तृणमूल कांग्रेस इस बैठक से दूर रहेगी। चूंकि बैठक वाले दिन ही लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण का मतदान है, जिसको देखते हुए पार्टी के प्रमुख नेता व्यस्त रहेंगे। ज्ञात रहे कि पश्चिम बंगाल में 1 जून को 9 सीट पर मतदान होगा, जिनमें कोलकाता की 2 सीट (कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर) शामिल हैं, जो पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसलिए इस बैठक में टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी शामिल नहीं होंगे। टीएमसी के सूत्रों ने कहा, राज्य में उस दिन जिन अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है, उनमें यादवपुर, दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर और डायमंड हार्बर शामिल हैं। सूत्र ने इस बात का उल्लेख किया कि पार्टी अब तक विपक्षी गठबंधन की सभी बैठकों में शामिल हुई है। सूत्र के अनुसार, टीएमसी ने बैठक के आयोजकों को शामिल होने में असमर्थता के बारे में जानकारी दे दी है।




(फाइल फोटो)

**बैठक इन बातों पर हो सकती है**

बैठक के दौरान विपक्षी दलों के नेता सात चरण के मतदान में अपने प्रदर्शन का आकलन करेंगे। इंडिया गठबंधन ने दावा किया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में राजग का विजयरथ रोका जाएगा।

### पूर्व की बैठकों में टीएमसी हुई थी शामिल

इंडिया गठबंधन की पहली बैठक पिछले साल 23 जून को पटना में हुई थी। इसके बाद 17-18 जुलाई, 2023 को बेंगलुरु में और फिर 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच मुंबई में बैठक हुई। विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक 19 दिसंबर को दिल्ली में हुई। इसके बाद अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ' रैली में 31 मार्च को विपक्षी नेता शामिल हुए थे। टीएमसी इन सभी बैठकों और जनसभाओं का हिस्सा रही है

## कांग्रेस को नए खून की जरूरत: शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने अपनी पार्टी को कैडर-आधारित दल में बदलने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस टारगेट को हासिल करने के लिए राज्य में जल्द ही कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस की सभी ब्लॉक इकाइयों को भंग करने की योजना है। इसके जरिए नए चेहरों को मौका देने का इरादा है। उन्होंने कहा कि अगर अब हम अपनी पार्टी को कैडर आधारित नहीं बनाते हैं तो देखिए कि चुनाव के दौरान



भाजपा और आरएसएस कैडर का कैसे इस्तेमाल करते हैं।

शिवकुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि पर राज्य कांग्रेस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं अपने सभी पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दे रहा हूं। साथ ही, सभी जिला अध्यक्षों को फोन किया जा रहा है जो 10 साल या 5 साल या फिर दो कार्यकाल से पदों पर हैं। अब हम इन्हें भंग करने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी ब्लॉक आगे से नए चेहरों को मौका देंगे।

शिवकुमार ने पार्टी के पदाधिकारियों से कहा कि कांग्रेस को अब नए खून की जरूरत है। उन्होंने कहा,'मैं आपको 1 जून को एक काम सौंप रहा हूं। मैंने केपीसीसी पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है।

## जरूरी खबर

### बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** अदालत ने सोमवार को स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। तीस हजारी कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने यह आदेश पारित किया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके बाद उन्हें पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। 24 मई को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के आवास पर कुमार ने उनके साथ मारपीट की। दूसरी ओर स्वाति मालीवाल ने बिभव और केजरीवाल पर सिल-सिलेवार कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ये कोई मामूली पीए नहीं है, इसे जो सुविधाएं मिलती हैं, वो मंत्रियों को भी नहीं मिलती हैं।

### DRDO अध्यक्ष कामत का कार्यकाल एक साल बढ़ाया



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत के कार्यकाल को एक साल बढ़ा दिया गया है। केंद्र सरकार ने सोमवार को कामत के सेवा विस्तार को मंजूरी दी है। विस्तार के बाद डॉ. कामत 31 मई 2025 तक डीआरडीओ के अध्यक्ष रहेंगे। डॉ. कामत डीआरडीओ अध्यक्ष के साथ-साथ रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव भी हैं। डीआरडीओ अध्यक्ष के अलावा, पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका को भी सेवा विस्तार दिया गया है। गोपालिका अब तीन महीने और मुख्य सचिव बने रहेंगे।

### पद्मश्री पुरस्कार लौटाएंगे वैद्यराज हेमचंद मांझी

**रायपुर।** पारंपरिक चिकित्सक वैद्यराज हेमचंद मांझी ने अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटाने की घोषणा की है। उनका कहना है कि नक्सलियों की लगातार मिल रही धमकियों की वजह से वह इस पुरस्कार लौटाएंगे।

पुलिस का कहना है कि नक्सलियों ने रविवार रात नारायणपुर जिले के चमेली और गौरदंड गांवों में दो निर्माणाधीन मोबाइल टावरों में आग लगा दी। इसके साथ ही नक्सलियों ने वहां मांझी को धमकी देने वाले बैनर लगाए। इसके अलावा वहां कुछ पर्चे भी फेंके गए, जिसमें हेमचंद मांझी की पद्म श्री सम्मान लेते हुए तस्वीर छपी थी।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा



***नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के तहत जेनेवा में आयोजित विश्व स्वास्थ्य असेंबली के मौके पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मारीशस के प्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग पर विचार विमर्श किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्वा चंद्रा ने किया।*

### प्रज्वल रेवन्ना 31 को एसआईटी के सामने पेश होंगे



**बेंगलुरु।** यौन शोषण के आरोपों से घिरे कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से सासंद और जेडी-एस से निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना ने कहा है कि वह 31 मई को सुबह 10 बजे मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने पेश होंगे। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से एसआटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मैं जांच में एसआईटी की मदद करूंगा और खुद पर लगे आरोपों का जवाब दूंगा। मुझे अदालत पर पूरा भरोसा है।

हालांकि, प्रज्वल के स्वदेश लौटने को लेकर उनके परिवार की तरफ से तत्काल कोई पुष्टि नहीं की गई है। बता दें पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन शोषण का आरोप है।

### मौसम विभाग ने दी खुशखबरी: राजस्थान में खूब होगी झमाझम

# इस बार सामान्य से ज्यादा होगी मानसून की बरसात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर को खुशखबर दी है। विभाग का कहना है कि देश में जून से सितंबर 2024 तक सामान्य से अधिक मानसून रहने की संभावना है। लंबी अवधि में यानी जून से सितंबर तक 106 फीसदी बारिश होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की उम्मीद है। वहीं, उत्तर पश्चिमी भारत में 30 मई के बाद गर्मी कम होने की संभावना है।

विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून का भारत की सालाना बारिश में करीब 70 फीसदी योगदान होता है, जो खेती-किसानी यानी कृषि क्षेत्र के लिए काफी अहम होता है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम, उत्तर-पश्चिम में सामान्य और देश के मध्य और दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में सामान्य से अधिक मानसूनी वर्षा होने की उम्मीद है। देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश सामान्य या सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है।



#### राजस्थान में जून में भी लू संभव

जून में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात के कुछ हिस्सों और उत्तरी मध्य प्रदेश समेत उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य से ज्यादा दिनों तक तेज लू चल सकती है।

#### भीषण गर्मी से 30 मई के बाद राहत संभव

महापात्र ने कहा कि भीषण गर्मी का सामना कर रहे राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर-पश्चिम भारत के लोगों को 30 मई के बाद भीषण लू से राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत के हिस्सों में भीषण लू चल रही है। यह अगले तीन दिनों तक जारी रह सकती है, लेकिन 30 मई से इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम होगी, क्योंकि एक पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है।

#### उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा

महापात्र ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा होगा। साथ ही, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, महापात्र ने यह भी कहा कि यह राहत अस्थायी होगी और जून के महीने में दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान समेत भारत के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है।

#### पांच दिनों में केरल में मानसून की दस्तक

मौसम विभाग ने मानसून को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 5 दिनों में केरल में मानसून की दस्तक हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस दौरान केरल में मानसून की शुरुआत के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। मौसम विभाग के महानिदेशक एम महापात्र ने कहा, सामान्य से अधिक बारिश के अपने पहले के पूर्वानुमान पर हम कायम हैं। हमें पूरा भरोसा है कि इस बार मानसून सामान्य से अधिक रहने वाला है। इसलिए हम इस साल अच्छी बारिश की उम्मीद कर सकते हैं।

### राजकोट मामला: राज्य सरकार को फटकार

# क्या आपने आंखें मूंद ली हैं: हाई कोर्ट



**एजेंसी** | अहमदाबाद

गुजरात के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी भीषण आग में 12 बच्चों समेत 27 लोगों की मौत के मामले में गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ ने अदालत ने नगर निकाय और राज्य सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने कहा, राजकोट में गेमिंग जोन ढाई साल से चल रहा है। क्या हम यह मान लें कि आपने आंखें मूंद ली हैं? दरअसल, अदालत ने एक दिन पहले अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया था कि वे सोमवार को उसके सामने पेश हों और बताएं कि किन कानून के प्रावधानों के तहत इन इकाइयों को उनके अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया गया है या जारी रखा गया है। राजकोट नगर निकाय ने सोमवार को अदालत में बताया कि दो गेमिंग जोन 24 महीने से अधिक समय से अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र सहित आवश्यक मंजूरी के बिना काम कर रहे हैं। गेमिंग जोन के लिए हमारी मंजूरी नहीं ली गई थी। इस पर अदालत गुस्से में आ गई और कहा कि वह अब राज्य सरकार पर भरोसा नहीं कर सकती। जब कुछ तस्वीरों में गेमिंग जोन में अधिकारी दिखाई दिए, तो न्यायाधीश बीरेन वैष्णव और न्यायाधीश देवन देसाई की पीठ ने नगर निकाय से कहा कि ये अधिकारी कौन थे? क्या वे वहां खेलने गए थे? अदालत को जब पता लगा कि अग्नि सुरक्षा प्रमाणन सुनवाई चार साल से अनसुलझी है, तो उसने राज्य सरकार को भी फटकार लगाई।

#### कई अफसरों के तबादले, 7 सस्पेंड

राजकोट के गेम जोन अग्निकांड को लेकर गुजरात सरकार ने सोमवार को तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और राजकोट के एक शीर्ष नगर निकाय अधिकारी का तबादला कर दिया। इस मामले में सात अधिकारियों को निलंबित भी किया गया है। निलंबित अधिकारियों को बिना मंजूरी के गेम जोन का संचालन होने देने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

#### नौ शवों की पहचान

राजकोट के टीआरपी गेम जोन में लगी आग में मरने वाले 27 लोगों में से नौ लोगों के शवों की पहचान हो गई है। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि शवों की पहचान डीएनए जांच के जरिये हुई है। सांघवी ने सोमवार को फोरेंसिक लैब का दौरा किया और उसके बाद डीएनए जांच के जरिये नौ शवों की पहचान की घोषणा की।

# डस्टबिन में फेंक दिया था आरोपी का ब्लड सैंपल

### पुणे पोर्श कांड: सबूतों से छेड़छाड़

**एजेंसी** | पुणे

पुणे के पोर्शे कांड में एक बड़ा खुलासा हुआ है। सोमवार को पुणे पुलिस ने बताया है कि नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल लेने के बाद उसे डस्टबिन में फेंक दिया गया था। पुलिस ने सबूतों से छेड़छाड़ और सैंपल बदलने के मामले में दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस की तरफ से आशंका जताई जा रही है कि इस मामले में ड्राइवर को फंसाने की कोशिश की जा रही है।

19 मई को हुई घटना के बाद नाबालिग आरोपी को मेडिकल जांच के लिए ससून जनरल हॉस्पिटल लाया गया था। अब पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दावा किया है कि ससून जनरल हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने आरोपी के खून को किसी अन्य व्यक्ति के खून से बदल दिया था, जिसने शराब का सेवन नहीं किया था। उनका दावा है कि डॉक्टरों ने आरोपी के सैंपल को डस्टबिन में फेंक दिया था।

पुलिस ने सोमवार को ही फॉरेंसिक विभाग के एक प्रमुख और एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। फिलहाल, इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। खास बात है कि शुरुआती जांच में खून में एल्कोहल नहीं मिला था, लेकिन अन्य अस्पताल में जब दूसरी जांच हुई और डीएनए को भी जांचा गया, तब पता लगा कि दोनों सैंपल अलग-अलग व्यक्तियों के थे। इसके बाद जांचकर्ताओं को संदेह हुआ कि सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने नाबालिग आरोपी को बचाने के लिए सबूतों के साथ छेड़छाड़ की है।

### वीवीआईपी सुरक्षा घेरे में बड़ा बदलाव होने की संभावना

# CRPF को मिलेगा VIP सुरक्षा का जिम्मा, NSG होगी मुक्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप 'पीडीजी' को हटाए जाने के बाद वीवीआईपी सुरक्षा घेरे में भी बड़ा बदलाव होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार अब राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) से वीआईपी सुरक्षा की जिम्मेदारी वापस ली जा रही है। एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा की ड्यूटी से हटाए जाने के बाद लगभग 500 कमांडो मुक्त हो जाएंगे। लोकसभा चुनाव के बाद एनएसजी की वीआईपी सिक्योरिटी यूनिट, स्पेशल रेंजर ग्रुप (एसआरजी) की ड्यूटी, पूरी तरह से सीआरपीएफ की वीआईपी सिक्योरिटी इकाई को सौंप दी जाएगी। एनएसजी अपने मूल चार्टर और उच्च जोखिम वाले वीआईपी की सुरक्षा के कार्य पर ध्यान केंद्रित करेगी। वहीं,संसद की ड्यूटी से मुक्त हुए सीआरपीएफ के पीडीजी दस्ते का दायरा अब बढ़ाया जा सकता है

वीआईपी सुरक्षा में ज्यादातर एनएसजी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ व आईटीबीपी के जवान तैनात रहते हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा का दायित्व 'एसपीजी' के कंधों पर है। एसपीजी में अधिकांश जवान, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों से आते हैं। पांच वर्ष पहले कई अति विशिष्ट लोगों की सुरक्षा, स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप 'एसपीजी' के पास थी, उनकी सुरक्षा भी सीआरपीएफ को सौंपी गई थी।



#### एनएसजी के पास होगा यह विशिष्ट दायित्व

सूत्रों के अनुसार एनएसजी को उसके मूल काम यानी आतंकवाद विरोधी और अपहरण रोधी अभियानों का विशिष्ट दायित्व सौंपा जाएगा।

#### कई वर्षों से चल रही है तैयारी

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, एनएसजी को उसके मूल कार्य में लगाने के लिए कई वर्षों से प्रयास चल रहा था। अमित शाह द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद इस प्रपोजल पर विचार शुरू हुआ था। 2019 में ही पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के सदस्यों की सुरक्षा में तैनात 'एसपीजी' कवर वापस ले लिया गया था। उसी वक्त इस बात पर भी विचार किया जाने लगा कि एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो को भी वीवीआईपी सुरक्षा से मुक्त कर दिया जाए। जिन वीवीआईपी की सुरक्षा, एनएसजी को सौंपी गई थी, उसे केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के हवाले कर दिया जाए। इस मामले में कई उच्चस्तरीय अधिकारियों से रिपोर्ट ली गई। गत वर्ष 13 दिसंबर को संसद परिसर की सुरक्षा में हुई चूक के बाद वहां से पीडीजी को हटाने की कवायद शुरू कर दी गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज की

# चुनावी घोषणापत्रों में वादे भ्रष्ट आचरण नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राजनीतिक दलों द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्रों में की गई प्रतिबद्धताएं (वादे) कानून के तहत भ्रष्ट आचरण नहीं हैं। न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की पीठ ने कांग्रेस के एक उम्मीदवार के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि साल 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के कांग्रेस के घोषणापत्र में जनता को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय मदद देने की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जो भ्रष्ट चुनावी आचरण के समान है। वकील ने यह तर्क दिया कि एक राजनीतिक दल द्वारा अपने घोषणापत्र में की गई प्रतिबद्धताएं अंततः बड़े पैमाने पर जनता को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं और ये भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी स्थित में इन तथ्यों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हमें ऐसे सवालों पर विस्तार से विचार करने की जरूरत नहीं है। इसलिए, याचिका खारिज की जाती है।

### जयपुर कॉट्योर शो-2024 के लिए आयोजित हुआ फोर्थ लुक लॉन्च

# कपड़ों पर सजेगा जूलरी का संसार बॉलीवुड सेलिब्रिटी करेंगे रैंप वॉक

**बेधड़क.जयपुर।** डायमंड्स और पर्ल से सजी ब्राइड और ग्रूम के गारमेंट्स गुलाबी नगरी के रैंप पर होंगे। साथ ही सस्टेनेबिलिटी पर बेस्ड गुजराती थीम पर कलेक्शन शोकेस किया जाएगा और बॉलीवुड सेलिब्रिटी रैंप वॉक करेंगे। मौका होगा मानसरोवर स्थित अलंकारा रिसोर्ट में 31 मई से 2 जून तक होने वाले जयपुर कॉट्योर शो-2024 सीजन-12 का। इसके लिए फोर्थ लुक लॉन्च हाउस ऑफ पीपल होटल लास वेगास में किया गया। इस दौरान मॉडल्स ने खूबसूरत कलेक्शन की पहली झलक पेश की। इस मौके पर एचओपी से विक्की गौड़ और मिथुन चोरसिया, दीपक नाहर, डिजाइनर हीना बेलानी, दीक्षा, नीकिता गौतम, स्पूर्ति अनूताला, एचओपी हैड शेफ नंद लाल, ऋषि व्यास, सोशलाइट सोरव दिवेदी और मॉडल्स मौजूद रहीं।




### सुजानी क्राफ्ट में हैंडलूम फेब्रिक

वीजीयू से डिजानर्स युवाओं ने इस मौके पर अपने कलेक्शन की पहली झलक दशाई। उन्होंने बताया कि सुजानी क्राफ्ट में हैंडलूम में फेब्रिक बनाते हैं। उसको नए रूप में मोडिफाई किया है जिसमें शीट फेब्रिक यूज किया गया है। शो में 5 मेल और 5 फीमेल गारमेंट्स शोकेस किए जाएंगे। शो डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि कोड वीजीयू के लिए दो शो स्टॉपर होंगे, जिसमें एलीट मिस राजस्थान श्वेता और पीहू चौधरी शामिल हैं। वहीं सेलिब्रिटी डिजाइनर हीना बेलानी के लिए रुतवी तिवाड़ी शो स्टॉपर बनेंगी।

### कपड़ों पर चमकेंगे हीरे-मोती

डिजाइनर हीना बेलानी ने बताया कि ब्राइडल कलेक्शन शोकेस किया जाएगा। कलेक्शन में ब्राइड और ग्रूम दोनों को शामिल किया गया है, जिसमें डायमंडस और पर्ल को यूज किया गया है। इससे ये काफी हाई लुक और रेंज की ड्रेस बनी है।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस शो स्टॉपर्स, 40 मॉडल्स

गौरव ने बताया कि शो में 3 दिन तक 40 से ज्यादा मॉडल्स जयपुर-दिल्ली से पार्टिसिपेट करेंगे। साथ ही बॉलीवुड से 5 एक्ट्रेस हमारे रैंप पर होंगी। इसमें बिग बॉस फेस एक्ट्रेस शामिल हैं।

## अवीवा स्पोर्ट्स फाउंडेशन और जिंक फुटबॉल का मैच ड्रॉ



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 72 में से 71 नंबर वां मैच अवीवा स्पोर्ट्स फाउंडेशन और जिंक फुटबॉल के मध्य जावर स्टेडियम पर खेला गया। इसमें दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के शुरुआत से ही मेजबान जिंक ने मेहमान टीम पर हमले बोलने शुरू कर दिए, जिसे अवीवा के शानदार डिफेंस ने सफल नहीं होने दिया। मैच के 21 वें मिनट में जिंक के सुभाष डामोर ने पेनल्टी एरिया के बाहर से एक शानदार शॉट मारा, जिसे अवीवा के रक्षा पंक्ति और गोल कीपर रोक नहीं सके और मेजबान टीम ने 1-0 की बढ़त बना ली जो मध्यांतर तक कायम रही। मध्यांतर के बाद मेहमान टीम ने एक के बाद एक तगड़े आक्रमण किए और 52 वें मिनट में मिलन पुनिया ने शानदार गोल कर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया, जो अंतिम समय तक बना रहा। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया की मंगलवार को लीग का अंतिम और 72वां मुकाबला रॉयल फुटबॉल क्लब व एलिट फुटबॉल क्लब के बीच होगा। इसके बाद समापन समारोह होगा। इसके मुख्य अतिथि राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल रहेंगे।

## बच्चों ने समझा यज्ञ का महत्व



**बेधड़क. जयपुर।** प्रकृति, पशु और संस्कार के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई, जिसमें उनकी जिज्ञासाओं को शांत कर उनकी रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। नजारा था एक्ट टू एक्शन समर कैंप-2024 का। शांति जूनियर्स में कैंप में 3 से 15 साल तक के बच्चों ने हिस्सा लेते हुए विभिन्न एक्टिविटीज की। बच्चों को डायलॉग डिलीवरी, कॉन्फिडेंस बिल्डिंग, ग्राउंडिग तकनीक, सेल्फ एक्सप्लोरेशन आदि सेल्फ केयर एक्टिविटीज कराई गई। सिनेमेटोग्राफर दीपक चंदेल ने कैमरा वर्क सिखाया तो कोलकाता से आई साइकोलॉजिस्ट भ्रमि चलानी ने इमोशनल बैलेंस और इमोशन शेयरिंग दिखाई। साथ ही बच्चों को भारतीय संस्कारों और प्रकृति से रूबरू करते हुए अक्षरधाम मंदिर और गोशाला में प्रार्थना यज्ञ के महत्व और पशु प्रेम समझाया। विकास अग्रवाल ने बताया कि समापन 8 जून को किया जाएगा। 30-31 जून को पेरेंट्स और चाइल्ड वर्कशॉप का होगी।

## City इवेंट्स

### स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर



**बेधड़क. जयपुर।** स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की ओर से 30वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बैंक के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस एस अग्रवाल ने कहा कि राज्य में पहली निजी ब्लड बैंक की स्थापना के साथ अब तक 29 वर्ष में हमने मानकों का कठोरता से पालन किया है। इसी कारण स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक को क्वालिटी कौंसिल ऑफ इण्डिया भारत सरकार की ओर से 'एनएबीएच' सर्टिफिकेशन दिया गया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि ब्लड बैंक से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का समर्पित भाव हमें 'रक्त बिना नहीं जी सके इक दिन भी इन्सान, रक्त से अपने दीजिए औरों को जीवन दान' की प्रेरणा देता है। अब हम रक्त की एक यूनिट से इसके तीनों कम्पोनेंट के करीब 20 तरह के प्रोडक्ट बनाते हैं। जिनको मरीज की आवश्यकतानुसार उसे दिया जाता है, जिससे रोगी को तुरंत लाभ मिले और उसे साइड रिएक्शन ना हों।

### विकास चौधरी अध्यक्ष नियुक्त



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर जिला (एक्वेस्टेरियन) घुड़सवारी एसोसिएशन के चुनाव आयोजित किए गए, जिसमें सभी जिला क्लब के मैंबर्स उपस्थित हुए। इस दौरान मेजर विकास चौधरी (रिटायर्ड) को अध्यक्ष, रिटायर्ड कैप्टन भागीरथ को सचिव और माधवी शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुनाव जिला स्पोर्ट्स अधिकारी राज नारायण शर्मा व जिला ओलंपिक एसोसिएशन सचिव जगदीश ढाका और चुनाव अधिकारी विधाधर सिंह डूडी ने सम्पन्न कराए। वहीं, एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग की अध्यक्षता राजस्थान घुड़सवारी संघ अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह डूंडलोद ने की।

### नाटक में दर्शाई पेपर लीक की व्यथा



**बेधड़क. जयपुर।** आगाज दी अमेजिंगग रंगमंच ग्रुप प्रस्तुत थियटर ड्रामा पेपर लीक का मंचन रवींद्र मंच पर किया गया। कहानी में कलाकारों ने दर्शाया कि नौजवान पटेल और उमेश नौकरी नहीं लगने के कारण ठगी करते हैं। पटेल के पिताजी एक काम पटेल के हवाले करते हैं और वह काम पेपर लीक करने का था। वे सुजाता को बातों के जाल में उलझाकर उसकी बहन को सरकारी नौकरी लगवा देने का विश्वास दिलाते हुए 50 लाख रुपए ले लेते हैं। डॉ. बुलबुल नायक, खुशबू आसूदानी , शामिल मनन आसूदानी, करन सोनी, उमेश शर्मा, देवांग सैनी और राजेश्वरी भातरा और हिमांशु सोनी, राकेश सोनी, सोनिया आचार्य ने अभिनय किया।

### वेडिंग टूरिज्म कॉन्क्लेव 30 से, लोगो का अनावरण

## शादी समारोहों से मिलेगा प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा




**बेधड़क | जयपुर**

शादी-विवाह समारोह से राजस्थान में टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30-31 मई को इंटरनेशनल वेडिंग टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्ल्यूटीसी-2024) का आयोजन मानसरोवर स्थित होटल हयात रिजेंसी में होगा।

इवेंट मैनेजर्स डे के उपलक्ष्य में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में वेडिंग एंड लाइफस्टाइल एक्जीबिशन वेडवाह, एक्सपर्ट्स टॉक शो, फैशन शो सहित कई गतिविधियां होंगी।

सोमवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वेडवाह के लोगो का अनावरण किया। इस मौके पर आयोजक टीम से शिवराज सिंह, एस्ट्रो मेघा शर्मा, मुकुल मिश्रा ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को इंटरनेशनल वेडिंग टूरिज्म कॉन्क्लेव के लिए आमंत्रित किया। इंटरनेशनल वेडिंग टूरिज्म कॉन्क्लेव के आयोजकों ने बताया कि कॉन्क्लेव में देश-विदेश के वेडिंग टूरिज्म एक्सपर्ट हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर डेस्टिनेशन वेडिंग टूरिज्म में राजस्थान व देश की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए परिचर्चा होगी। इस दौरान देश के डिजाइनर्स का वैडिंग कलेक्शन, ज्वैलरी कलेक्शन सहित शादी विवाह से जुड़े सभी साजो सामान एक ही छत तले प्रदर्शित किए जाएंगे।

### शिक्षण शिविर: आचार्य शशांक सागर को श्रीफल भेंट

## सत्य, संयम और शील से सर्व सुखी संसार की दे रहे सीख



**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में चल रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में विदुषियों द्वारा कराई जा रही प्रार्थना में सत्य, संयम व शील के हर घर में व्यवहार और सर्व सुखी संसार की भावना के साथ क्लासेज हुईं।

सोमवार को शिविर में दीप प्रज्वलन का सोभाग्य सोभाग मल अशोक पदम व कमलेश जैन बंथली वाले परिवार को प्राप्त हुआ। ये शिविर का अंतिम शिक्षण दिवस था।

अब मंगलवार को एग्जाम होंगे। शिविर में 116 युवाओं ने सहभागिता की। इस मौके पर प्रार्थना के कुछ भाव भावना दिन रात मेरी, सब सुखी संसार हो। सत्य संयम शील का, व्यवहार हर घर बार हो। ज्ञान के अभ्यास से, जीवों का पूर्ण विकास हो। धर्म के परचार से, हिंसा का जग से ह्रास हो के जरिए दर्शाए गए। आचार्य श्रीशशांक सागरजी को बुधवार को समापन समारोह में सानिध्य के लिए प्रबंध समिति की ओर से निवेदन किया गया।

इस दौरान अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, रमेश साखूनियां, महावीर बिंदायक्य, महेश काला, सुरेश शाह, कमलेश पाटनी, दिलीप चांदवाड, जेके जैन आदि ने श्रीफल भेंट किया।

**खेल** रामबाग गोल्फ क्लब में हुआ मंथली टूर्नामेंट का आयोजन

## ओपन-सुपर लीग में गोल्फर्स ने दर्शाए बेहतरीन शॉर्ट्स

**बेधड़क | जयपुर**

रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में दो दिवसीय मंथली गोल्फ टूर्नामेंट 'एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग-2024' का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 4 हाउस (अल्बर्ट, जयगढ़, नहारगढ़ और आमेर हाउस) से प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के समापन पर अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उपविजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। इसमें ग्रॉस विनर अभ्युदय रावत (आमेर हाउस) और ग्रॉस रनर-अप प्रखर असावा (जयगढ़ हाउस) रहे।



### ये रहे विजेता-उप विजेता

शिरीष सचेती ने बताया कि हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में शिवैन सचेती (नहारगढ़ हाउस) विजेता और दीपक तिवाड़ी (अल्बर्ट हाउस) उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में अभिविराज देव सिंह (अल्बर्ट हाउस) विजेता और उपविजेता अर्जुनराज बोहरा (आमेर हाउस) थे। हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में नैतिक चौहान (अल्बर्ट हाउस) विजेता और अरुण गोयल (नाहरगढ़ हाउस) उपविजेता रहे। बेस्ट वेटरन गोल्फर के विजेता का पुरस्कार अमी लाल मीना (आमेर हाउस) ने और बेस्ट लेडीज गोल्फर का पुरस्कार इति चौधरी (अल्बर्ट हाउस) ने हासिल किया। अन्य श्रेणियों में नियरेस्ट टू पिन अभय मालावत (आमेर हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव अनस शम्सी (आमेर हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव- वेटरन डॉ. बी एम रतूड़ी (अल्बर्ट हाउस) रहे। इसी तरह स्ट्रेट ड्राइव के लिए पुरस्कार धनंजय राठौड़ (आमेर हाउस) और स्ट्रेट ड्राइव-वेटरन रवीन्द्र नाथ (जयगढ़ हाउस) ने जीता। विजेताओं को रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन शिरीष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और टूर्नामिन्ट कन्वनीर शरद अग्रवाल ने पुरस्कृत किया।

प्रसन्न रहना बहुत सरल है, लेकिन सरल होना बहुत कठिन है!
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## इजराइल ने दिया हमास के हमले का जवाब

# गाजा पर दागे आठ रॉकेट... 45 लोगों की मौत

**एजेंसी** | तेल अवीव

हमास की ओर से किए गए हमले का जवाब देते हुए इजराइल ने सोमवार तड़के गाजा पर अटैक किया। गाजा अधिकारियों का कहना है कि राफा में विस्थापित लोगों के एक शिविर पर इजराइली हमलों में 45 लोग मारे गए। इजराइल की सेना का कहना है कि उसने हमास के परिसर पर हमला किया, जिसमें 2 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि राफा में जहां इजराइल ने हमला किया है वहां विस्थापित लोगों के लिए एक कैंप लगा था। इजराइली हवाई हमलों में 45 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि कई लोग घायल हो गए। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उत्तरी गाजा के जबालिया अल-नजल्ह इलाके में एक घर पर इजराइली बलों के हमले में 12 लोग मारे गए। दूसरी तरफ इजराइली सेना का कहना है कि मध्य इजराइल में दक्षिणी गाजा के राफा क्षेत्र से उसने आठ रॉकेट लॉन्च किए। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल का कहना है कि मध्य पूर्व में शांति लाने के लिए एक मजबूत फिलिस्तीनी अथॉरिटी की जरूरत है।



### एक दिन पहले हमास ने दागीं थी मिसाइलें

इससे पहले हमास ने रविवार को इजराइल पर बड़ा हमला किया था। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया था कि उसने तेल अवीव पर मिसाइल दागी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया कि रॉकेटों को नागरिकों के खिलाफ जायोनी नरसंहार के जवाब में लॉन्च किया गया था, जबकि हमास अल-अक्सा टीवी ने कहा कि रॉकेट गाजा पट्टी से दागे गए। हालांकि इन हमलों से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली थी।

### हमले में हमास चीफ ऑफ स्टाफ की मौत

इजराइल रक्षा बलों ने सोमवार को कहा कि एक हवाई हमले में हमास के चीफ ऑफ स्टाफ यासीन राबिया को मार गिराया। आईडीएफ के अनुसार इजराइली हवाई हमला दक्षिणी गाजा शहर राफा में वेस्ट बैंक में हमला किया गया था। आईडीएफ के एक बयान में कहा गया है कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर उत्तर-पश्चिम राफा में ताल अस सुल्तान के क्षेत्र में हमला किया गया। बयान के मुताबिक हमास के वेस्ट बैंक मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी खालिद नागर की भी इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई।

## पापुआ न्यू गिनी में जिंदा दफन हुए 2000 लोग



**एजेंसी** | मेलबर्न

पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 2 हजार से अधिक लोग दब गए हैं। इसकी जानकारी सरकार के हवाले से सामने आई है। सरकार ने आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है, वहीं घटना के कारण हताहतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शुरुआत में कहा गया था कि करीब 100 लोग मारे गए हैं। ऑस्ट्रेलिया पापुआ न्यू गिनी की मदद के लिए विमान और अन्य उपकरण भेजने की तैयारी कर रहा है। दक्षिण प्रशांत राष्ट्र के पहाड़ी इलाकों में रात भर हुई बारिश से यह आशंका पैदा हो गई है कि जिस मलबे में सैकड़ों ग्रामीण दबे हैं, वह खतरनाक रूप से अस्थिर हो सकता है। पापुआ न्यू गिनी ऑस्ट्रेलिया का निकटतम पड़ोसी है और क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए आस्ट्रेलियाई प्रयास के तहत ये देश घनिष्ठ रक्षा संबंध विकसित कर रहे हैं।

## अमेरिका: कहीं पेड़ उखड़े तो कहीं उड़ गए घर

# बवंडर ने बरपाया कहर 18 मरे... 42 घायल



**एजेंसी** | वॉशिंगटन

एक ओर जहां साइक्लोन 'रेमल' का कहर भारत के पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में देखने को मिल रहा है तो वहीं अमेरिका के कई राज्यों में आए बवंडर ने तबाही मचाई। अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में बवंडर के कहर से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। बवंडर के कारण कई इमारतें, बिजली, गैस लाइनें और एक ईंधन स्टेशन नष्ट हो गया, जहां कई लोग शरण लिए हुए थे। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस समेत 6 राज्यों में बवंडर के कारण कई पेड़ जड़ से उखड़ गए तो कहीं पूरा घर हवा में उड़ गया। सोशल मीडिया पर बवंडर और उससे मची तबाही के कई वीडियो वायरल हैं। एक वीडियो मिसौरी का है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक शक्तिशाली तूफान के कारण एक घर की छत उड़ गई और बिजली गुल होती हुई दिखाई दे रही है। प्रभावित राज्यों में 6 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भयंकर तूफान उन राज्यों में आया, जहां तापमान बहुत अधिक चल रहा था। टेक्सास का कुक काउंटी, डलास के उत्तर में और डेंटन काउंटी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। इस बीच खोज एवं बचाव अभियान जारी है। स्थानीय मीडिया पर फुटेज में दिखाया गया है कि एक ईंधन स्टेशन लगभग पूरी तरह से नष्ट हो गया और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि ओक्लाहोमा में मेयस काउंटी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए, जबकि अर्कांसस में दो लोगों की मौत की सूचना मिली है, जिसमें एक महिला भी शामिल है, जो अपने टूटे हुए घर में मृत पाई गई थी।

### सेवाएं बहाल करने में लगेगा समय

अर्कांसस के रोजर्स शहर के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने कई लोगों को बचाया है जो बवंडर के कारण पेड़ और बिजली की लाइनें गिरने और गैस आपूर्ति लाइनों के क्षतिग्रस्त होने के बाद फंस गए थे। बवंडर ने पूरे टेक्सास में सतही यातायात को भी प्रभावित किया, जिससे लॉरियां पलट गईं और प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए, जबकि कई खंभे उखड़ गए, जिससे बिजली आपूर्ति बंद हो गई। अधिकारियों ने कहा कि सेवाएं बहाल करने में कई दिन लग सकते हैं।

## बांग्लादेश और पश्चिमी बंगाल के तटीय इलाकों में दिखा तूफान का असर

# चक्रवात रेमल ने ली 16 की जान

**एजेंसी** | ढाका/ कोलकाता

बांग्लादेश में चक्रवात रेमल की तबाही के कारण 10 लोगों की मौत हो गई, वहीं बंगाल में छह जनों ने दम तोड़ दिया। चक्रवात तूफान रेमल पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों से टकरा गया, जिससे 15 हजार घर क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं खराब मौसम के कारण 25 उड़ाने रद्द करनी पड़ी।



बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग (बीएमडी) में चक्रवात चेतावनी केंद्र के उप निदेशक मोहम्मद शमीम अहसन ने बताया कि रविवार रात आए तूफान के बाद दक्षिणी बांग्लादेश और भारत के पश्चिम बंगाल के तटों पर तेज हवाएं चलीं और तूफान आया। चक्रवात ने लगभग एक दर्जन तटीय जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचाया। 10 सबसे संवेदनशील जिलों से आठ लाख लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा चुका था। तटीय जिलों में चक्रवात का व्यापक असर देखा गया। बांग्लादेश में तटीय इलाकों में तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे उखड़ गए और तार टूटकर गिर पड़े। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। चक्रवात के कारण डेढ़ करोड़ लोग बिजली से वंचित रहे। बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए पर्याप्त उपाय किए गए।




## जमीन के अंदर बसी है अलग दुनिया

# पाताल का रहस्य तलाशने में लगा चीन

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के दक्षिण-पश्चिमी में स्थित फेंगजी काउंटी में एक ऐसा प्राकृतिक रहस्य छिपा हुआ है, जिसे समझने के लिए दशकों से वैज्ञानिक कोशिश कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े रहस्यमय गड्ढों में से एक जियाओझाई तियानकेंग के रहस्यों का पता लगाने में शोधकर्ता लगे हुए हैं। चीन में स्थानीय लोग इन्हें पाताल का रास्ता कहते हैं। ये सिंकहोल इतने बड़े हैं कि इनके अंदर एक पूरी अलग दुनिया बसी हुई है। ये जियाओझाई सिंकहोल 660 मीटर गहरा है। इसकी लंबाई 600 मीटर और चौड़ाई 500 मीटर से ज्यादा है। बारिश के समय में इसके ऊपर झरने गिरते देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोग प्राचीन काल से ही इस इलाके में स्थित विशाल सिंकहोल के बारे में जानते रहे हैं, लेकिन बाहरी दुनिया से इसका परिचय 1994 में हुआ। हालांकि, आज भी विशेषज्ञ इस बात को लेकर निश्चित नहीं हो पाए हैं कि यह कैसे बने। दक्षिणी पश्चिमी चीन के फेंगजी काउंटी के बाहर हरे-भरे इलाके में आसमान से देखने पर काले धब्बों की एक श्रृंखला दिखाई देती है। इन्हें देखने पर ऐसा लगता है जैसे एलियन ने धरती पर अपने पैरों के निशान छोड़ रखे हैं।



विश्लेषकों का मानना है कि ये गड्ढे 1.28 लाख वर्षों में धीरे-धीरे बने हैं। हजारों सालों में मिट्टी के अंदर से पानी रिस-रिसकर इन चट्टानों की तह तक पहुंच गया और धीरे-धीरे चूना पत्थर को नष्ट कर दिया। अम्लीय पानी की धाराओं ने सुरंगों और गुफाओं की दरारों को और चौड़ा कर दिया जो इतनी बड़ी हो गई कि आखिरकार चट्टान की छत नीचे गिर गई। इससे ये विशाल सिंकहोल खुल गए।

### तियानकेंग में दुर्लभ जीवों का निवास

लाइव साइंस की रिपोर्ट के अनुसार, चीन में लगभग 200 विशाल सिंकहोल हैं जो मुख्य रूप से मध्य शानशी प्रांत लेकर दक्षिण पश्चिम में गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र तक फैले हुए हैं। स्थानीय भाषा में इन्हें तियानकेंग कहा जाता है जिसका अर्थ है कि स्वर्गीय गड्ढे। इसके किनारे सीधे पाताल लोक में जाते हैं जहां लगभग 1285 पौधे और जानवरों की प्रजातियों के लिए एक संपन्न पारिस्तिथिकी तंत्र विकसित है। इसमें दुर्लभ जिंको से लेकर क्लाउडेट तेंदुआ तक का निवास है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl